www.bharatsamvad.live सत्य का स्वर
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173




# भारत संवाद




मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

2 आंसू छलकाने वाली विभाजन की त्रासदी, दुखभरी कहानियों का कोई अंत नहीं
गायत्री परिवार की पहल 04

वर्ष :09 | अंक :55 | मुंबई, शुक्रवार 15 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक में उप तहसीलदार 20,000 की रिश्वत लेते गिरफ्तार

लोकायुक्त पुलिस ने दक्षिण कन्नड़ जिले में बंटवाल तालुका कार्यालय के एक उपतहसीलदार को 20,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। लोकायुक्त कार्यालय ने बताया कि यह रिश्वत एक बिचौलिए के माध्यम से विरासत रिकॉर्ड बनाने के लिए ली जा रही थी। यह कार्रवाई साजीपमुन्नूर निवासी पुष्पराज की शिकायत पर की गई है जिसने अपनी दिवंगत मां के विरासत रिकॉर्ड के स्थानांतरण के संबंध में 2021 में बंटवाल तालुका कार्यालय में आवेदन किया था। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर लोकायुक्त की टीम ने बुधवार को बीसी रोड स्थित एक मंदिर के पास जाल बिछाया और उप तहसीलदार राजेश नाइक को बिचौलिए गणेश के माध्यम से 20,000 रुपये की रिश्वत लेते पकड़ लिया। साथ में प्रथम श्रेणी सहायक संतोष को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

### कौशांबी में 13 बंदर मृत पाए गए, जांच का आदेश

कौशांबी जिले के करारी थाना क्षेत्र के एक गांव के बाहर बुधवार को 13 बंदर मृत मिले। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी जिसके बाद अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। जिलाधिकारी कौशांबी मधुसूदन हुल्गी ने बताया कि करारी थाना क्षेत्र के भटवारिया गांव के बाहर आज 13 बंदरों के मृत पाए जाने की सूचना मिली। उनके मुताबिक, इस सूचना पर डीएफओ और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की टीम मौके पर जांच के लिए गई है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद ही बंदरों की मौत का कारण पता चलेगा। हुल्गी ने बताया कि वन विभाग और पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों को निर्देशित किया गया है कि वे सतर्कता बरतें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक गंगवार ने बताया कि पशु चिकित्सकों की टीम से मृत बंदरों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और पोस्टमार्टम होने के बाद ही बंदरों की मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### अवकाश की सूचना

आज स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर कार्यालय में अवकाश रहेगा। अत: समाचार पत्र का अगला अंक 17 अगस्त 2025 को आएगा।
प्रबंधक

### ऑपरेशन सिंदूर के जाबाजों को बड़ा सम्मान

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस के जश्न की शुरूआत के साथ ही, केंद्र ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राष्ट्र की सेवा में उनके बहादुर योगदान के लिए नौ भारतीय वायु सेना अधिकारियों को वीर चक्र से सम्मानित किया। नौ भारतीय वायु सेना अधिकारियों को वीर चक्र से सम्मानित किया गया है, जिनमें लड़ाकू पायलट भी शामिल हैं, जिन्होंने पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर में आतंकवादी समूहों के मुख्यालयों और पड़ोसी देश की सैन्य संपत्तियों को निशाना बनाया था। ग्रुप कैप्टन (जीपी) रणजीत सिंह सिद्धू, मनीष अरोड़ा, अनिमेष पाटनी, कुणाल कालरा, विंग कमांडर (डब्ल्यूजी सीडीआर) जॉय चंद्रा, स्क्वाड्रन लीडर (स्क्वाड्रन लीडर) सार्थक कुमार, सिद्धांत सिंह, रिजवान मलिक, फ्लाइट लेफ्टिनेंट (एफएलटी एलटी) अर्शवीर सिंह ठाकुर को वीर चक्र से सम्मानित किया गया है। भारतीय वायु सेना ने इस कार्रवाई में कम से कम छह पाकिस्तानी विमानों को मार गिराया है।

# 'संविधान और लोकतंत्र हमारे लिए सर्वोपरि'

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा भारत

**हादसा**

अपने संबोधन के शुरूआत में उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस, हर भारतीय बड़े उत्साह के साथ मनाता है। ये दिन हमें विशेष रूप से हमारे गौरवशाली भारतीय होने की याद दिलाते हैं।



एजेंसी

भारत शुक्रवार, 15 अगस्त को पूरे देशभक्ति के जोश के साथ अपना 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है। इस अवसर पर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार शाम को राष्ट्र के नाम अपना वार्षिक संबोधन दिया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर यह राष्ट्रपति मुर्मू का चौथा संबोधन है। अपने संबोधन के शुरूआत में उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस, हर भारतीय बड़े उत्साह के साथ मनाता है। ये दिन हमें विशेष रूप से हमारे गौरवशाली भारतीय होने की याद दिलाते हैं।

पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की सकल-घरेलू-उत्पाद-वृद्धि-दर के साथ भारत, दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्याप्त समस्याओं के बावजूद, घरेलू मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है। मुद्रास्फीति पर नियंत्रण बना हुआ है। निर्यात बढ़ रहा है। सभी प्रमुख संकेतक, अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शा रहे हैं।

सरकार यह मानती है कि जीवन की बुनियादी सुविधाओं पर, नागरिकों का हक बनता है। 'जल जीवन मिशन' के तहत ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचाने में प्रगति हो रही है। अपने तरह की विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य-सेवा योजना, 'आयुष्मान भारत' के अंतर्गत, विभिन्न कदम उठाए गए हैं। उन प्रयासों के परिणाम-स्वरूप स्वास्थ्य-सेवा के क्षेत्र में, हम क्रांतिकारी बदलाव देख रहे हैं। इस योजना के तहत अब तक 55 करोड़ से अधिक लोगों को सुरक्षा-कवच प्रदान किया जा चुका है। सरकार ने 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना की सुविधा उपलब्ध करा दी है, चाहे उनकी आय कितनी भी हो।इस डिजिटल युग में, यह स्वाभाविक है, कि भारत में सबसे अधिक प्रगति, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हुई है। लगभग सभी गांवों में 4ॠ शेष कुछ हजार गांवों में भी यह सुविधा शीघ्र ही पहुंचा दी जाएगी। इससे डिजिटल भुगतान तकनीकी को बड़े पैमाने पर अपनाना संभव हो पाया है। डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में भारत, कम समय में ही, विश्व का अग्रणी देश बन गया है। इससे ऊॣ३ ङील्लीप्र३ ळ१ल्लशी१ को भी बढ़ावा मिला है, तथा लक्षित लाभार्थियों तक कल्याणकारी भुगतान बिना किसी रुकावट और के पहुंचना सुनिश्चित हो रहा है। दुनिया में होने वाले कुल डिजिटल लेनदेन में से, आधे से अधिक लेनदेन भारत में होते हैं।

सरकार ने देश की अक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए मिशन शुरू किया है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन की मुख्य बातें

- आज हमने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया। विभाजन के कारण भयावह हिंसा देखी गई और लाखों लोग विस्थापित होने के लिए मजबूर किए गए।
- हमारे संविधान में ऐसे चार मूल्यों का उल्लेख है जो हमारे लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाए रखने वाले चार स्तंभ हैं। ये मूल्य हैं – न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता।
- आजादी हासिल करने के बाद, हम ऐसे लोकतंत्र की राह पर चल पड़े जहाँ हर वयस्क को मताधिकार प्राप्त हुआ। दूसरे शब्दों में, हम भारत के लोगों ने, अपने भाग्य को खुद गढ़ने का अधिकार खुद को दिया...

> सरकार, गरीबों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जो लोग गरीबी रेखा से ऊपर तो आ गए हैं लेकिन मजबूत स्थिति में नहीं हैं। उनको भी ऐसी योजनाओं की सुरक्षा उपलब्ध है ताकि वे फिर से गरीबी रेखा से नीचे न चले जाएं।

# किश्तवाड़ में बादल फटा, अब तक 38 लोगों की मौत

## चशोटी गांव में मचैल माता की धार्मिक यात्रा के लिए पहुंचे कई

▶▶प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बचाव और राहत अभियान जारी है। जरूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।



एजेंसी

किश्तवाड़ , जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12:30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में अब तक 38 लोगों की मौत हो गई है। अब तक 65 लोगों को बचाया गया है। करीब 200 से ज्यादा लोग लापता हैं। हादसा उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डर सब-डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सभी बाढ़ के पानी में बह गए। मचैल माता तीर्थयात्रा हर साल अगस्त में होती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह 25 जुलाई से 5 सितंबर तक चलेगी। यह रूट जम्मू से किश्तवाड़ तक 210 किमी लंबा है। और इसमें पद्दर से चशोटी तक 19.5 किमी की सड़क पर गाड़ियां जा सकती हैं। उसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है। सिन्हा ने पर लिखा कि चशोती में बचाव और राहत अभियान पूरे जोरों पर है। लोग और मशीनें घटनास्थल पर तैनात कर दी गई हैं। अन्य टीमें भी रवाना कर दी गई हैं। गृह मंत्री अमित शाह जी को विभिन्न एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे बचाव और राहत अभियानों की जानकारी दी गई है। उन्होंने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने किश्तवाड़ के उपायुक्त पंकज कुमार शर्मा से इस संबंध में बात की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, चशोती क्षेत्र में बादल फटने की एक बड़ी घटना हुई है, जिससे भारी जनहानि होने की आशंका है। प्रशासन कार्रवाई में तुरंत जुट गया है और बचाव दल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के बाद मंदिर की वार्षिक यात्रा स्थगित कर दी गई है तथा प्राधिकारी सभी बचाव कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने और बड़े पैमाने पर बचाव एवं राहत अभियान के लिए घटनास्थल रवाना हो गए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के दो दल उधमपुर से किश्तवाड़ भेजे गए हैं। उपायुक्त ने कहा, इलाके में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। वह स्वयं मौके पर पहुंच रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि पहाड़ी की तलहटी में बसी घनी बस्ती में अचानक आई बाढ़ ने कई घरों को प्रभावित किया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस घटना में हुई जानमाल की हानि पर दुख व्यक्त किया।

जम्मू-कश्मीर सीएम ने स्वतंत्रता दिवस पर चाय पार्टी और सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द किए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने किश्तवाड़ में बादल फटने के बाद हुई जनहानि के बाद शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान होने वाली ऐट होम चाय पार्टी और सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं।

# परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी की सोच विपक्ष पर हावी, केवल सत्ता प्राप्ति तक सीमित है विजन: सीएम योगी

## आजादी की बातें करते हैं पर काम गुलामी वाला, विपक्ष का यही दोहरा चरित्र है उसका विजन: योगी आदित्यनाथ

- सीएम योगी ने कुएं के मेंढक से की विपक्ष की तुलना, बोले: जिसकी जितनी दृष्टि होगी वह उतना ही देख सकेगा
- बकिंघम पैलेस से क्वीन विक्टोरिया की बग्घी मंगाने वाले भला क्या स्वदेशी की बात करेंगे: सीएम योगी

एजेंसी

लखनऊ। विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विपक्ष पर हमलावर दिखे। उन्होंने विजन 2047 को लेकर बहस में शामिल होने के लिए सभी सदस्यों के साथ विशेष तौर पर नेता विरोधी दल का स्वागत किया। उन्होंने विजन 2047 को प्रदेश में क्रियान्वित किए जाने को लेकर जारी चर्चा में विपक्ष पर कविताओं, रामचरितमानस की चौपाइयां और शायरी का प्रयोग करते हुए कटाक्ष किए। उन्होंने विजन 2047 को लेकर सवाल उठाने वाले विपक्ष पर तंज कसने के साथ ही 24 घंटे से अधिक समयावधि से जारी चर्चा को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत करते हुए कहा कि ये उन लोगों की आंखें खोलने वाला है

# अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के आदिवासी छात्रों से मिले राजनाथ सिंह, दिया बड़ा संदेश

> मंत्री महोदय ने अतिथि छात्रों को अपना स्नेह व्यक्त करते हुए मिठाइयाँ भेंट कीं और द्वीपसमूह के स्थानीय आदिवासी कारीगरों द्वारा निर्मित पारंपरिक स्मारिका भेंट के साथ बैठक का समापन हुआ।



एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के आदिवासी समुदायों के 30 मेधावी उच्चतर माध्यमिक छात्रों के साथ बातचीत की। रक्षा मंत्री के साथ छात्रों की यह बातचीत अंडमान और निकोबार कमान (एएनसी) द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता यात्रा, आरोहण: द्वीप से दिल्ली का हिस्सा है।


# यह 20 साल पुराना मामला, कोई सबूत नहीं

एजेंसी

राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों के बीच उनके बहनोई और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा ने गुरुवार को कहा कि लोगों को कांग्रेस नेता द्वारा की गई कड़ी मेहनत को समझना चाहिए, अन्यथा भाजपा गलत तरीके से चुनाव जीतती रहेगी।







## सम्पादकीय

### अंगदान अभियान की प्रतीक्षा करता देश, भारत में विश्वस्तरीय अंग प्रत्यारोपण सर्जन तो हैं, पर देश में अंगदान की दर दुनिया में सबसे कम

अंगदान केवल एक नैतिक प्रक्रिया (क्लिनिकल ट्रायल) नहीं है। यह मानवता से जुड़ा सर्वोच्च काम है। एक अंगदाता अपना हृदय फेफड़े लिवर किडनी अग्नाशय (पैंक्रियाज) और ऊतक (टिश्यू) दान करके आठ लोगों की जान बचा सकता है। एक अंगदाता अनंत आशा का पर्याय है। दूसरों को जीवित रखने के लिए अपने अंगदान करना शायद सबसे यादगार विरासत है जो आसानी से अपने पीछे छोड़कर जाई जा सकती है। भारत ने पिछले दशक में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में शानदार प्रगति दर्ज की है और स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत किया है और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया है। देश गैर-संक्रामक रोगों से निपटा है और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच को आगे बढ़ाया गया है, लेकिन जब अंग प्रत्यारोपण (आर्गन ट्रांसप्लांटेशन) की बात आती है, तो दुर्भाग्य से एक न दिखने वाला संकट हजारों लोगों की जान ले रहा है। अंगदान दिवस हमें याद दिलाता है कि हम बड़े पैमाने पर अंगदान की आवश्यकता को तत्काल पूरा करने के लिए कोई ठोस पहल करें। अंग प्रत्यारोपण के अभाव में जान गंवाने से बड़ी कोई त्रासदी नहीं है। अंगों की अनुपलब्धता के कारण हर साल देश में लगभग पांच लाख लोगों की जीवन रक्षक प्रत्यारोपण का इंतजार करते हुए मृत्यु हो जाती है। यह दुःखद है। प्रत्यारोपण के लिए अंग की कमी के कारण देश के तमाम लोगों को खोना हम रोक सकते हैं। हमारे पास चिकित्सा विशेषज्ञता है। हमें बस राष्ट्रीय स्तर पर अंगों की आपूर्ति और मांग के बीच के अंतर को पाटने के लिए एक सामूहिक इच्छाशक्ति चाहिए। भारत में मरीजों की आवश्यकता, अंगों की उपलब्धता और प्रत्यारोपण के बीच के अंतर से स्पष्ट है कि तुरंत बदलाव की जरूरत है। लगभग अंतिम चरण के गुर्दे (किडनी) की बीमारी वाले 2,00,000 मरीज, 50,000 गंभीर लिवर (यकृत) विफलता वाले मरीज और 50,000 गंभीर हृदय रोग वाले मरीजों को अपनी जान बचाने के लिए प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है। इसके विपरीत हर साल केवल लगभग 1,600 किडनी, 700 लिवर और 300 हृदय प्रत्यारोपित किए जाते हैं। हर दिन कम से कम 15 मरीज अंग के इंतजार में दम तोड़ देते हैं। हर 10 मिनट में प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा सूची में एक नया नाम जुड़ जाता है और हर एक की जान खतरे में होती है। अंतिम चरण की किडनी की बीमारी वाले पांच प्रतिशत से भी कम मरीजों को जीवन रक्षक किडनी का प्रत्यारोपण हासिल हो पाता है। हृदय और फेफड़ों के मरीजों की स्थिति और भी गंभीर है। भारत में विश्वस्तरीय अंग प्रत्यारोपण सर्जन तो हैं, लेकिन देश में अंगदान की दर दुनिया में सबसे कम है। प्रति 10 लाख जनसंख्या पर केवल 0.65 अंगदाता है।

## आज का विचार






## राशिफल

**मेष राशि:** दिन उत्तम रहने वाला है और बिजनेस में आपकी कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है, जिससे लाभ कमाने के नए अवसर प्राप्त होंगे। वहीं, समाज में भी मान-सम्मान प्राप्त होगा जिससे मन प्रसन्न रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी और आपको किसी कार्यक्रम में शामिल होने का मौका भी मिल सकता है।

**वृषभ राशि:** व्यापार के मामले में आप नई योजनाएं बना सकते हैं और कहीं यात्रा पर जाने का योग भी बन रहा है, जिससे आपको सुकून महसूस होगा। अगर आप किसी लंबे समय से किसी कानूनी विवाद में फंसे थे तो अब उसमें सफलता प्राप्त हो सकती है।

**मिथुन राशि:** आप रचनात्मक कार्यों में ज्यादा समय व्यतीत कर सकते हैं और इससे लाभ कमाने के अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी आप उसी प्रोजेक्ट पर काम कर सकते हैं, जिसमें आपको सबसे अधिक दिलचस्पी है। इससे मानसिक तनाव कम होगा और आप हर काम को पूरे उत्साह के साथ करेंगे।

**कर्क राशि:** कारोबार और व्यापार के मामले में दिन उत्तम रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप जिस भी प्रोजेक्ट में पूरी मेहनत और लगन के साथ काम करेंगे उसमें सफलता जरूरी प्राप्त होगी। अगर लंबे समय से जरूरी काम अधूरे पड़े थे तो वे भी पूरे होने लगेंगे और कामकाज को लेकर मीटिंग भी हो सकती है।

**सिंह राशि:** कामकाज के सिलसिले में आप ज्यादा व्यस्त रह सकते हैं। वहीं, आपको कार्यक्षेत्र में अपने कुछ सीनियर और विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत होगी। वरना ये आपके काम में रुकावट डालने का प्रयास कर सकते हैं।

**कन्या राशि:** कार्यक्षेत्र में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में आपको कटु वाणी का प्रयोग करने से बचना होगा और संयम के साथ फैसले लेने होंगे। अपने आसपास चल रहे किसी भी विवाद से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**तुला राशि:** दिन लाभदायक रहने वाला है। अगर कार्यक्षेत्र में लंबे समय से कामकाज को लेकर कोई समस्या या विवाद चल रहा था तो वह अब दूर हो सकता है। व्यापार में आपको कोई नया प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है

**वृश्चिक राशि:** कारोबार के मामले में आपका दिन बेहद भाग्यशाली रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में दिनभर लाभ कमाने के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। लेकिन इसके लिए आपको प्रयास करते रहना होगा।

**धनु राशि:** कार्यक्षेत्र में आपको कोई भी काम पूरी सावधानी के साथ करना होगा, अन्यथा परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बिजनेस के मामले में कुछ जोखिम भरे फैसले लेने से आपको भविष्य में बड़ा लाभ होने की संभावना है।

**मकर राशि:** अगर आप पार्टनरशिप में बिजनेस चला रहे हैं, तो कोई बढ़ा फायदा मिलने की संभावना है। आपका काम तेजी से पूरा होगा और अधूरे काम भी पूर्ण होने लगेंगे। इसी के चलते आप परिवार में ज्यादा समय बिता सकते हैं

**कुंभ राशि:** व्यापार के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है। आपको लाभ कमाने के कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। लेकिन इसके लिए प्रयास करते रहना जरूरी होगी। जल्दबाजी में फैसले लेने से परेशानी खड़ी हो सकती है। ऐसे में कार्यक्षेत्र में कोई भी फैसला सोच-समझकर ही लें। आपको स्वास्थ्य पर भी खास ध्यान देने की जरूरत है और परिवार के मामले में दिन सामान्य रहने वाला है।

**मीन राशि:** कार्यक्षेत्र में आपका दिन लाभ दिलाने वाला हो सकता है और व्यापार में जोखिम उठाने से कुछ बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। अगर आप किसी परेशानी का सामना कर रहे हैं, तो उसे धैर्य और अपनी मधुर वाणी से दूर कर सकते हैं। नौकरी करने वाले अपनी बुद्धिमानी से सफलता प्राप्त कर सकते हैं। आप संकट में फंसे किसी व्यक्ति भी सहायता कर सकते हैं। परिवार में चल रही समस्याओं को शांति से बैठकर सुलझाना होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# कश्मीर को लेकर सतर्क रहें सरकार

> विधानसभा चुनावों का शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होना और भारी संख्या में लोगों की भागीदारी भी उत्साहवर्धक रही। इस सबसे पाकिस्तान का विचलित होना स्वाभाविक है। पहलगाम का आतंकी हमला इसी खीझ का परिणाम रहा जिसका भारत ने कूटनीतिक और सैन्य मोर्चे पर आपरेशन सिंदूर के रूप में बेहद कड़ा जवाब दिया।

पा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटे छह वर्ष हो गए। इस अवसर पर अनेक आयोजन हुए, लेकिन इसके थोड़ा पहले इस केंद्रशासित प्रदेश में सत्तारूढ़ नेशनल कांफ्रेंस ने 13 जुलाई को शहीदी दिवस आयोजन की अनुमति मांगी। यह अनुमति एक तरह के उकसावे की कार्रवाई थी। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के अलग केंद्रशासित प्रदेश बनने और संवैधानिक परिवर्तन के बाद शहीदी दिवस आयोजन पर रोक लग गई थी, क्योंकि एक बड़ी आबादी और खासकर गैर-मुस्लिम इसे लेकर असहज रहते थे। ऐसे में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा शहीदी दिवस आयोजन की मंशा पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जब चीजें सामान्य हो रही हैं तब वे ऐसा कुछ क्यों करना चाहते हैं, जिससे तनाव बढ़ जाए? इतिहास के पन्ने पलटें तो जम्मू-कश्मीर में 13 जुलाई, 1948 को पहली बार शहीदी दिवस आयोजित किया गया। इस आयोजन की जड़ें 1931 की एक घटना से जुड़ी हैं। नार्थ वेस्ट फ्रंटियर प्राविंस में एक अंग्रेज अधिकारी के यहां अब्दुल कादिर नाम का रसोइया था। उस रसोइये ने महाराजा के विरुद्ध विद्रोह किया। राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तारी के बाद उसे श्रीनगर केंद्रीय कारागार में डाल दिया गया। इससे एक शंका गहराई कि नार्थ वेस्ट फ्रंटियर प्राविंस का एक मुस्लिम जम्मू-कश्मीर के महाराजा को आखिर क्यों अपदस्थ करना चाहता था? इसमें उसका क्या दांव लगा था या फिर वह एक बड़ी ब्रिटिश साजिश का महज एक मोहरा था? कादिर की



गिरफ्तारी के विरोध और रिहाई की मांग को लेकर लोग सड़कों पर उतर आए। जेल के बाहर 13 जुलाई, 1931 को जुटे प्रदर्शनकारी हिंसक होकर हिंदुओं की संपत्ति लूटने और उसके विध्वंस पर आमादा हो गए। राज्य को हस्तक्षेप करना पड़ा, जिसमें कुछ प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। इसके बाद हिंसा ने शहर के अन्य हिस्सों को भी अपनी चपेट में ले लिया। महाराजगंज इलाके में सबसे अधिक नुकसान हुआ। दंगाइयों ने जिस तरह टेलीफोन और बिजली के तार काटे, उससे यही संदेह पुख्ता हुआ कि यह सब सुनियोजित था। हिंदुओं की दुकानें और घर आग के हवाले कर दिए थे। महिलाओं का उत्पीड़न किया गया। पुलिस की रक्षात्मक कार्रवाई में 22 दंगाई मारे गए थे। इस घटना की आड़ में अंग्रेजों ने महाराजा पर दबाव डालकर उनसे गिलगिट का इलाका लीज पर लेने में सफल रहे। इस साजिश का तानाबाना ही संभवत: अंग्रेजों ने बुना था। तब अंग्रेज रूसी विस्तारवाद से चिंतित थे और गिलगिट पर नियंत्रण चाहते थे। गिलगिट रणनीतिक रूप से रूस, चीन और अफगानिस्तान के बीच में स्थित है, जिसे अंग्रेज रूसी विस्तार को देखते हुए बफर के रूप में इस्तेमाल करना चाहते थे। वर्ष 1935 में गिलगिट को 60 वर्षों के लिए लीज पर लेकर अंग्रेजों ने इस क्षेत्र का प्रत्यक्ष प्रशासनिक नियंत्रण हासिल कर लिया। यह लीज 1947 में भारत विभाजन के बाद प्रभावी नहीं रह गई। उस दौर में शेख अब्दुल्ला सांप्रदायिक विभाजन को भुनाना चाहते थे। उन्होंने 1932 में जम्मू एंड कश्मीर मुस्लिम कांफ्रेंस नाम से नई पार्टी बनाई थी। उसका दायरा बढ़ाने के लिए 1939 में उसका नाम बदलकर जम्मू एंड कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस किया। अक्टूबर 1947 में भारत के साथ विलय के बाद महाराजा हरि सिंह ने प्रधानमंत्री नेहरू के जोर देने पर शेख अब्दुल्ला को 5 मार्च, 1948 को जम्मू-कश्मीर का प्रधानमंत्री नियुक्त किया। उसी साल शेख अब्दुल्ला ने उन मारे गए लोगों की स्मृति में 13 जुलाई को यौम-ए-शुहादा यानी शहीदी दिवस के रूप में मनाने और सार्वजनिक अवकाश की परंपरा शुरू की। यह राजनीतिक पैठ बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया कदम था। सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत बनाने के लिए शेख ने सांप्रदायिक भावनाओं का सहारा लिया। कश्मीर रियासत की बात करें तो डोगरा शासन उसके लिए सबसे अधिक समृद्धि वाला रहा। उसके किसी राजा को गद्दी से हटाने के लिए सुनियोजित षड्यंत्र को आजादी के आंदोलन के रूप में चित्रित करना तत्कालीन परिस्थितियों का नितांत गलत आकलन होगा। प्रदर्शनकारियों ने अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को निशाना बनाकर लूटपाट की। ऐसे लोगों को कभी शहीद का दर्जा दिया ही नहीं जाना चाहिए। यही कारण है कि जम्मू संभाग में 13 जुलाई एक काले दिन के रूप में देखा जाता है। क्या वर्तमान मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी अपने दादा के पदचिह्नों पर चलते हुए शहीदी दिवस के बहाने सांप्रदायिक तनाव को भड़काने की जुगत में थे? अनिश्चित भू-राजनीतिक परिदृश्य में इसके और जोखिम बढ़ जाते हैं, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि उमर इसके माध्यम से पता नहीं किसके हितों को आगे बढ़ा रहे हैं। इस क्षेत्र में चीन से लेकर अमेरिका और पाकिस्तान तक अपनी चालें चलते रहते हैं। इसलिए इस कदम की जरा भी अनदेखी न की जाए। इससे उन प्रयासों को पलीता लग सकता है, जिनके चलते बीते कुछ समय से जम्मू-कश्मीर में स्थितियां सुधरी हैं। पिछले साल यहां पत्थरबाजी की एक भी घटना नहीं देखने को मिली। आतंकी वारदातों की संख्या भी घटी है। राज्य में सामान्य होती स्थिति का एक बड़ा प्रमाण पर्यटकों की आवक में तेज बढ़ोतरी भी है। विधानसभा चुनावों का शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होना और भारी संख्या में लोगों की भागीदारी भी उत्साहवर्धक रही। इस सबसे पाकिस्तान का विचलित होना स्वाभाविक है। पहलगाम का आतंकी हमला इसी खीझ का परिणाम रहा, जिसका भारत ने कूटनीतिक और सैन्य मोर्चे पर आपरेशन सिंदूर के रूप में बेहद कड़ा जवाब दिया। इस सैन्य कार्रवाई के साथ ही हम इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि पहलगाम में हमले को अंजाम देने वालों को स्थानीय लोगों का समर्थन-सहयोग मिला। बेहतर यह होगा कि जम्मू-कश्मीर में 19 जनवरी का दिन चेतना दिवस के रूप में मनाया जाए। 1990 में इसी दिन कश्मीर घाटी में हिंदुओं का नरसंहार हुआ और उन्हें बेदखल किया गया। यह राष्ट्र की सामूहिक चेतना पर बड़ा आघात था। जम्मू-कश्मीर में वास्तविक शांति तभी आएगी, जब कश्मीरी हिंदू सुरक्षित रूप से घर वापस लौट सकें, लेकिन यह किसी तरह के ध्रुवीकरण वाले माहौल में नहीं हो सकता।

# शिक्षा-चिकित्सा को मुनाफाखोरी से बचाने का भागवत-आह्वान

**ललित गर्ग**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इंदौर के एक किफायती कैंसर अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर जो बात कही, वह आज की सबसे बड़ी सामाजिक-आर्थिक और नैतिक आवश्यकता को उजागर करती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिक्षा और चिकित्सा जैसे बुनियादी क्षेत्रों को मुनाफाखोरी से मुक्त होना चाहिए, क्योंकि ये सेवा के क्षेत्र हैं, व्यापार के नहीं। हाल के वर्षों में शिक्षा और चिकित्सा का जिस तेजी से बाजारीकरण एवं व्यावसायीकरण हुआ है, सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र ने इसे धन कमाने का जरिया बनाया है, वह न केवल नये समाज निर्माण की चिन्ताओं बल्कि एक दूषित सोच को दशार्ता है। क्योंकि उसने आम आदमी को बदहाली के कगार पर पहुंचाया है। महंगी शिक्षा ने जहां अभिभावकों का बजट हिला दिया है, वहीं चिकित्सा के नाम पर मुनाफाखोरी ने लाखों परिवारों को गरीबी के दलदल में धकेलते हुए जरूरी चिकित्सा से वंचित किया है। इस मर्ज की रग पर हाथ रखते हुए भागवत द्वारा दी गई चेतावनी सत्ताधीशों की आंख खोलने वाली है। भारत में स्वास्थ्य-शिक्षा को प्रारंभ से ही सामाजिक दायित्व मानने की परंपरा रही है। लेकिन दुर्भाग्य से आज स्कूल-कॉलेज और अस्पताल लाभ संचालित उपक्रमों में तब्दील हो गए हैं और सेवा की बजाय धन कमाने के अड्डे बन गये हैं। आज निजी क्षेत्र के साथ-साथ सरकारों की मानसिकता भी धन-केन्द्रित होती जा रही है, जिससे आमजन को सस्ते एवं किफायती शिक्षा एवं चिकित्सा के साधन-सुविधाएं सुलभ नहीं हो रही है। मुनाफाखोरी की अंतहीन लिप्सा ने कथित गुणवत्ता वाले स्कूलों व अस्पतालों को आम आदमी की पहुंच से दूर किया है। इन जटिल होती स्थितियों के बीच भागवत का यह बयान केवल एक सामान्य टिप्पणी



नहीं, बल्कि एक चेतावनी है-सरकार, नीति-निमार्ताओं और समाज के लिए। शिक्षा और स्वास्थ्य, दोनों ही मानव जीवन के मूलभूत स्तंभ हैं। लेकिन आज इन दोनों क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती व्यावसायिक प्रवृत्तियां इन्हें सेवा के बजाय मुनाफे की मशीन बना रही हैं। निजी स्कूलों की भारी फीस, कोचिंग संस्थानों की प्रतिस्पर्धा और महंगे मेडिकल कॉलेजों की ट्यूशन-इन सबने शिक्षा को गरीब और मध्यम वर्ग की पहुंच से दूर कर दिया है। इसी तरह, अस्पतालों और दवा कंपनियों का अत्यधिक मुनाफा-उन्मुख मॉडल स्वास्थ्य को एक महंगे उत्पाद में बदल रहा है। निस्संदेह, मोहन भागवत की यह चिंता हमारे समय की विसंगतियों एवं विकृत आर्थिक सोच पर तीखा प्रहार करती है। आज आम भारतीय परिवारों पर स्वास्थ्य सेवाओं का भारी वित्तीय बोझ बढ़ रहा है। विडंबना यह है कि इस खर्च का छोटा हिस्सा ही सरकारी खजाने से वहन किया जाता है, जो कि स्वास्थ्य खर्च का महज 17 फीसदी है। वहीं करीब 82 फीसदी स्वास्थ्य खर्च लोगों को मुश्किल हालात में वहन करना पड़ता है। इन स्थितियों के चलते अस्पताल में भर्ती होने के बाद कई परिवार जीवन भर के लिये कर्ज में डूब जाते हैं। तो कई परिवार हमेशा के लिये गरीबी की दलदल में धंस जाते हैं। आज देश की बड़ी आबादी गैर संक्रामक रोगों, मसलन हृदय रोग, मधुमेह व उच्च रक्तचाप आदि से जूझ रही है। इनकी जांच, चिकित्सकीय परामर्श और उपचार के लिये मरीजों को एक बड़ी रकम चुकाने को मजबूर होना पड़ता है। जो कि बीमा योजनाओं के द्वारा बमुश्किल ही पूरी की जाती है। इन विडम्बनापूर्ण एवं चिन्ताजनक स्थितियों के बीच मोहन भागवत का यह संदेश न केवल आर्थिक सुधार का आह्वान है, बल्कि सामाजिक पुनर्जागरण का भी। शिक्षा और चिकित्सा को व्यापार से मुक्त करना सिर्फ भावनात्मक या नैतिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्र की स्थिरता और समानता का प्रश्न है। जब गरीब को इलाज न मिले, और होनहार छात्र को शिक्षा से वंचित रहना पड़े, तब असमानता, असंतोष और सामाजिक अशांति बढ़ती है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नया भारत, विकसित भारत, विश्वासभरा भारत का नारा कोरा दिखावा ही प्रतीत होता है। नये भारत में जब आम जनता से करो के रूप में भारी भरकम रकम वसूली जा रही है, जो उस रकम को जनकल्याण एवं जनसेवा में खर्च किया जाना चाहिए। आजादी के बाद से सरकार पर शिक्षा एवं चिकित्सा की ही जिम्मेदारी डाली गयी थी, जिसको सरकारों ने बड़ी चतुराई से धीरे-धीरे निःशुल्क की बजाय सशुल्क करने की कारगरी दिखाई है, जो जनता के विश्वास को आहत करने वाली है। इसलिये भागवत का यह बयान सरकार के लिए आंख खोलने वाला होना चाहिए। नीति-स्तर पर ऐसे कदम जरूरी हैं जिनसे-सरकारी शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों को उच्च गुणवत्ता के साथ सशक्त एवं जनसुलभ किया जाए। निजी क्षेत्र में फीस और इलाज की दरों पर प्रभावी नियंत्रण हो। सेवा-भाव को बढ़ाने के लिए कर-छूट और प्रोत्साहन मिलें, जबकि मुनाफाखोरी पर कठोर दंड लागू हो। स्वास्थ्य और शिक्षा में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ लागू किया जाए, इन दोनों क्षेत्रों से धन कमाने की प्रवृत्तियों को अपराध माना चाहिए। यह भी तय किया जाये कि इन दोनों क्षेत्रों में सेवा एवं मिशन भावना से आने वालों को ही मान्य किया जाये, धन कमाने वालों के लिये इन दोनों क्षेत्रों के दरवाजे बन्द हो। शिक्षा और स्वास्थ्य में मुनाफाखोरी को रोकना केवल कानून से संभव नहीं, इसके लिए समाज में मूल्य-आधारित सोच का विकास भी आवश्यक है। सेवा-भाव, मानवीय संवेदनशीलता और न्यायपूर्ण मूल्याधारित आर्थिक ढांचा-यही स्थायी समाधान हैं। मोहन भागवत की यह पहल यदि नीतिगत बदलावों में परिणत होती है, तो यह भारत को न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी मजबूत बनाएगी। भागवत ने कॉर्पोरेट शैली के कथित कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व यानी सीएसआर के जुमले के बजाय लोककल्याण के धार्मिक सिद्धांतों के अनुसरण की भी अपील की। वर्तमान में कॉर्पोरेट जगत ने सीएसआर फण्ड को स्वयं के बनाये ट्रस्टों में दिखाकर सरकार के सीएसआर प्रावधानों की धज्जियां उडा रखी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोच और दर्शन में शिक्षा और चिकित्सा हमेशा ह्लसेवा और संस्कारह्व के मूल्यों से जुड़ी रही है। संघ मानता है कि राष्ट्र निर्माण का असली आधार स्वस्थ और शिक्षित नागरिक हैं और इन दोनों आवश्यकताओं को समाज के हर वर्ग तक सस्ती, सुलभ और समान रूप से पहुंचाना ही सच्ची देशभक्ति है। डॉक्टर को केवल इलाज का शुल्क लेने वाला पेशेवर नहीं, बल्कि रोगी की पीड़ा का साझेदार मानना और शिक्षक को केवल पाठ पढ़ाने वाला कर्मी नहीं, बल्कि जीवन-निमार्ता के रूप में देखना-यही संघ का दृष्टिकोण है।

# देश-काल :राष्ट्रवाद बनाम धार्मिक कट्टरता, बौद्धिक संतुलन की दरकार

**संजीव ठाकुर**

राष्ट्रवाद सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा, समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित, आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह चिंता नहीं रहा हैह्न वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती हैह्न लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती हैह्न जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैंह्न भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैंह्न यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैं लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैं अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है।

# मुंबई के दादर कबूतरखाना विवाद के बाद तनाव, जैन समुदाय और मराठी एकीकरण समिति आमने-सामने

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः दादर कबूतरखाना विवाद ने बुधवार को एक सांप्रदायिक मोड़ ले लिया। मराठी एकीकरण समिति के सैकड़ों सदस्यों को जैन समुदाय की कबूतरों को दाना डालने की मांग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए हिरासत में लिया गया। समिति के सदस्यों ने जैन मुनि निलेशचंद्रा विजय की टिप्पणी पर गुस्सा जताया. निलेशचंद्र विजय ने धमकी दी थी कि अगर उनके धर्म की रक्षा के लिए जरूरी हुआ तो वह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे और हथियार उठाएंगे। बता दें कि पुलिस ने एक दिन पहले ही समिति को प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी थी। लेकिन सुबह तक भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। बैरिकेड्स लगाए गए थे और पास के जैन मंदिर के बाहर पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया थ। इस दौरान आसपास की कई दुकानें बंद रहीं। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के साथ तीखी बहस की। उन्होंने पूछा कि जैन समुदाय के सदस्यों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। आरोप है कि जैन समुदाय के



सदस्यों ने पिछले हफ्ते कबूतरखाना के चारों ओर लगे बीएमसी के कवर को जबरदस्ती फाड़ दिया था। यहां तक कि उन्होंने चाकू और कैंची का भी इस्तेमाल किया था। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि यह धार्मिक मुद्दा नहीं है, बल्कि पूरे समुदाय का मामला है। उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई हथियार उठाने की बात कर रहा है, तो उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए।

# शाकाहारी नपुंसक होते हैं...ऐसी बकवास बातें बंद हों

## मीट बैन पर फडणवीस ने कहा, इसमें सरकार की दिलचस्पी नहीं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने साफ किया है कि सरकार लोगों लोगों के खाने-पीने के विकल्पों को नियंत्रित करने में रुचि नहीं रखती है। मुख्यमंत्री स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कुछ शहरों में कसाईखानों और मांस की दुकानों के बंद होने को लेकर चल रही विवादास्पद बहस को अनावश्यक करार दिया है। सीएम फडणवीस ने स्वतंत्रता दिवस समेत कुछ अवसरों पर कसाईखाने बंद करने की अनुमति देने वाले 37 साल पुराने जीआर की मौजूदगी से भी अनभिज्ञता जाहिर की। सीएम ने कहा कि ऐसे फैसले नगर निगम खुद लेते हैं। सीएम ने कहा मीट बैन के बारे में उन्हें मीडिया से पता चला। अधिकारियों ने मुझे पिछली उद्धव ठाकरे सरकार के आदेश की कॉपी भी भेजी है। उसे जल्द मीडिया के सामने दिखाऊंगा। महाराष्ट्र के पांच नगर निगमों की तरफ से 15




अगस्त को मीट पर बैन का आदेश जारी किया जा चुका है। इनमें कल्याण डोंबिवली, नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर, मालेगांव और नासिक नगर निगम शामिल हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार इस बात में दिलचस्पी नहीं रखती कि कौन क्या खाता है। हमारे सामने कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, हालांकि सीएम ने उस बयान की निंदा की जिसमें कुछ लोगों ने यहां तक कह दिया कि शाकाहारी लोग नपुंसक होते हैं। फडणवीस ने कहा कि ऐसी बकवास बातें तुरंत बंद होनी चाहिए। मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र (एमएमआर) में आने वाले कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका ने सबसे पहले 15 अगस्त को मीट बैन के संबंध में आदेश जारी किया था। इसके बाद छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद), नागपुर और मालेगांव में यह आदेश सामने आया था। इस आदेश का एमवीए के घटना दलों ने तीखा विरोध किया था। उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने भी इस गलत करार दिया था। महराष्ट्र बीजेपी के मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये को कहना है कि यह आदेश सबसे पहले तब लागू हुआ था जब राज्य के मुख्यमंत्री शरद पवार थे। स्वतंत्रता दिवस पर मांस और मछली की दुकानों को बंद रखने के मुद्दे पर संजय राउत ने महायुति सरकार को कड़े शब्दों में घेरा था। उन्होंने कहा था कि देवेंद्र फडणवीस को यह दिखावा बंद करना चाहिए। छत्रपति शिवाजी महाराज का महाराष्ट्र मर्द मराठों का महाराष्ट्र है। क्या इस राज्य को शाकाहारी राज्य घोषित कर दिया गया है? किसके दबाव में ये सब हो रहा है? यह दिन शौर्य का दिन है, हमें स्वतंत्रता मिली है और वह स्वतंत्रता नरेंद्र मोदी, अमित शाह या देवेंद्र फडणवीस की वजह से नहीं मिली है।

फास्ट ट्रैक

# बहन के बुजुर्ग ससुर के साथ जबरन लूटपाट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



केंद्रीय अपराध शाखा ने अपनी बहन के बुजुर्ग ससुर को बाथरूम में जबरन ले जाकर लूटपाट करने वाली महिला को गिरफ्तार कर उसके पास से 1,50,84,050/- रुपये का कीमती सामान जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। शिकायतकर्ता ओधवजी खिमजी भानुशाली, उम्र- 66 वर्ष, मानिकपुर पुलिस बताया कि अज्ञात चोर कमरे को देखने के बहाने करने उनके घर में घुस गया। उसके बाद बाथरूम की शंका के नाम पर बाथरूम दिखाने के लिए बुजुर्ग को बोला और बुजुर्ग को बाथरूम में बंद कर दिया। बुजुर्ग ने बताया कि बेडरूम के आलमारी में एक बैग में रखे एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के आभूषण, चांदी के आभूषण आदि की चोरी करके चोर गायब हो गया। चूंकि अपराध गंभीर था। वरिष्ठ अधिकारियों ने अपराध का खुलासा करने के आदेश दिए थे। तदनुसार, केंद्रीय अपराध जांच प्रकोष्ठ के माध्यम से अपराध की समानांतर जाँच की जा रही थी। केंद्रीय अपराध जांच प्रकोष्ठ के पुलिस अधिकारियों और अनमलदार ने घटनास्थल और सीसीटीवी फुटेज 75/80 की जाँच की। इसमें अपराधी ने चोरी का सामान एक जगह रखा था। कुछ देर बाद एक महिला आई और चोरी का सामान ले गई। उसके बाद, पुरुष चोर कहीं दिखाई नहीं दिया। इससे पता चला कि चोरी में महिला भी शामिल थी। सीसीटीवी में दिखाई गई जानकारी और तकनीकी विश्लेषण के बाद, जाँच में पता चला कि शिकायतकर्ता का गुजरात निवासी एक रिश्तेदार इसमें शामिल था। जांच टीम को नवसारी, गुजरात भेजा गया। गणदेवी पुलिस स्टेशन (नवसारी, गुजरात) ने पुलिस की मदद से ज्योति मोहन भानुशाली, उम्र 27 वर्ष नामक एक महिला को हिरासत में लिया। आरोपी महिला ने कबूला कि उसकी बहन के ससुराल वाले अकेले हैं, इसलिए पहचाने जाने से बचने के लिए उसने पुरुष का वेश धारण किया और शिकायतकर्ता से अपना कमरा दिखाने को कहा। बाथरूम का उपयोग करने के बहाने, घर में प्रवेश करने के बाद, शिकायतकर्ता को बाथरूम में बंद कर दिया गया और शिकायतकर्ता के बेडरूम में अलमारी को चाबी की मदद से खोला गया और अलमारी से सोने के गहने, चांदी के गहने आदि चुरा लिए गए। चोरी किए गए सोने के गहने वजन 1490.86 ग्राम और चांदी के गहने वजन 2320 ग्राम मूल्य के 1,50,84,050/- रुपये जब्त किए गए। उक्त कार्रवाई पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रय शिंदे, पुलिस उपायुक्त (अपराध) संदीप डोईफोडे और सहायक पुलिस आयुक्त अपराध की आगे की जांच मानिकपुर पुलिस स्टेशन के माध्यम से की जा रही है।

# लोकल बॉडी चुनावों से पहले एकनाथ शिंदे का ठाणे में मास्टरस्ट्रोक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई/ठाणेः महाराष्ट्र केउप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने गढ़ ठाणे में चुनावों से पहले बड़ा दांव चल दिया है। शिंदे के अगुवाई वाली नगर विकास विभाग (यूडीडी) ने ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र में अवैध निमाणों पर लगाये गए दंड को माफ करने का फैसला किया है। यह राशि 799 करोड़ रुपये बनती है। अवैध निर्माण पर दंड को चुनावी मास्टरस्ट्रोक के तौर पर देखा जा रहा है। नगर विकास विभाग ने पिछले दिनों इस संबंध में एक सरकारी निर्णय जारी किया है। ठाणे महानगरपालिका ने शहरी क्षेत्र अवैध निमाणों पर दंड लगाया था। शिंदे की अगुवाई वाली नगर विकास विभाग के फैसले का फायदा लगभग 1 लाख 54 हजार अवैध निमाणों को मिलेगा। राजनीतिक प्रेक्षक लोकल बॉडी चुनावों से पहले इस फैसले को एकनाथ शिंदे ने बड़ी चाल के तौर पर देख रहे हैं। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ही ठाणे जिले के पालक मंत्री हैं। नगर विकास मंत्रालय भी शिंदे के अधीन है। उन्होंने वोटरों को लुभाने के लिए करोड़ों रुपये जुमार्ना माफ करने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब हो कि ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र में अवैध निर्माण पर लगाया गया

# सोलापुर रेलवे स्टेशन पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम को दर्शाती दुर्लभ फोटो प्रदर्शनी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



हर घर तिरंगा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, मध्य रेल के सोलापुर मंडल ने केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), क्षेत्रीय कार्यालय सोलापुर के सहयोग से सोलापुर रेलवे स्टेशन पर एक अनूठी और प्रेरक प्रदर्शनी का आयोजन किया। यह प्रदर्शनी, जो 15 अगस्त तक सुबह 10:00 बजे से रात 9:00 बजे तक जनता के लिए निःशुल्क खुली है, दुर्लभ तस्वीरों और ऐतिहासिक आख्यानों के माध्यम से भारत के स्वतंत्रता संग्राम की गाथा को जीवंत करती है। इसमें 1857 से 1947 तक के प्रमुख मील के पत्थर प्रदर्शित किए गए हैं, जिनमें चंपारण सत्याग्रह, खेड़ा सत्याग्रह, असहयोग और खिलाफत आंदोलन, बारडोली सत्याग्रह, चौरी चौरा कांड, काकोरी ट्रेन कार्रवाई, चटगाँव शस्त्रागार छापा, हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन, सविनय अवज्ञा, दांडी मार्च, भारत छोड़ो आंदोलन और विभाजन की घटनाएँ शामिल हैं। इसके अलावा, ऐतिहासिक स्थलों के चित्र और कहानियाँ, राष्ट्रीय ध्वज का विकास, सोलापुर के चार शहीदों की वीरता और भारत-पाकिस्तान विभाजन की दुर्लभ तस्वीरें भी प्रदर्शित की गई हैं। आगंतुकों के लिए इस अवसर की यादों को संजोने के लिए एक सेल्फी बूथ भी स्थापित किया गया है। प्रदर्शनी का उद्घाटन अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) श्री अंशुमाली कुमार और पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्री अतुल कुलकर्णी ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी (सीनियर डीपीओ) श्री मच्छिंद्र गालवे, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. मंजूनाथ, जिला सूचना अधिकारी (डीआईओ) श्री सुनील सोनटक्के, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री अंबादास यादव, स्टेशन प्रबंधक श्री वी. के. श्रीवास्तव, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी श्री मिलिंद तुंगर, उद्यमी श्री वीरेश नेस्ले, भारतीय पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष श्री अरुण कुमार तालीखेड़े, पूर्व सैनिक श्री दिवाकर रेलेकर और श्री बालासाहेब खराडे, और सीबीसी सोलापुर कार्यालय सहायक श्री जे. एम. हन्नूरे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समन्वयन सुश्री कविता काजले ने किया। इतिहास, देशभक्ति और गौरव के अपने समृद्ध प्रदर्शन के साथ, यह प्रदर्शनी नागरिकों, छात्रों और आगंतुकों को भारत के गौरवशाली अतीत से जुड़ने और राष्ट्र को आकार देने वाले बलिदानों का सम्मान करने का एक विशेष अवसर प्रदान करती है।

# आईआरसीटीसी द्वारा कसारा स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में अनधिकृत पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की जाँच और जब्ती

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

आईआरसीटीसी द्वारा 12.08.2025 को कसारा स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में अनधिकृत पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की जाँच और जब्ती के लिए विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान श्री सागर नाइक, Executive/ Catering के नेतृत्व में श्री अभिषेक बागुल, श्री सागर सनप श्री संचित लाड, श्री रोहित क्षीरसागर आदि ने दिनांक

12.08.2025 को टीम ने कसारा स्टेशन से गुजरने वाली सभी ट्रेनों का सुबह 10:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक निरीक्षण किया।

ट्रेनों में पाए गए अनधिकृत पीडीडब्ल्यू का विवरण नीचे दिया गया हैः- ट्रेन संख्या 12071 सीएसएमटी - हिंगोली जन शताब्दी एक्सप्रेस से एक्विना ब्रांड के 19 डिब्बे जब्त किए गए। ट्रेन संख्या 11071 काम्यानी एक्सप्रेस से ऑक्सीमोर ब्रांड के 2 केस जब्त किए गए, ट्रेन संख्या 13202 जनता पटना एक्सप्रेस से ज्यूरिका ब्रांड के 33 केस जब्त किए गए। कुल 54 केस अनाधिकृत पैकेज्ड पेयजल जब्त किया गया, जिसे कसारा स्टेशन पर डिस्पोज कर दिया गया। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे केवल अधिकृत ब्रांड का पैकेज्ड पेयजल ही खरीदें एवं अनधिकृत



उत्पाद बेचने वालों की सूचना निकटतम रेलवे अधिकारी को दें। जिससे यात्रियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी,

# भुसावल मंडल में स्वच्छता अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मध्य रेल्वे के भुसावल मंडल में स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जनजागरूकता बढ़ाने के लिए एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य मंडल के स्वच्छता कर्मियों, खाद्य विक्रेताओं, रसोइयों और कैंटीन कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच करना तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करना था। यह शिविर मंडल के सभी रेल अस्पतालों में आयोजित किया गया, जिसमें हाउसकीपिंग स्टाफ, सफाई कर्मचारी और ठेका कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने सभी कर्मचारियों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की और उनसे संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं पर सलाह एवं मार्गदर्शन दिया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने कर्मचारियों से संवाद कर उन्हें स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक जीवनशैली, स्वच्छ आदतें और निवारक उपायों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। विशेष रूप से खाद्य विक्रेताओं और रसोइयों को खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और व्यक्तिगत साफ-सफाई के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

# 'सरकार को सबक सिखाने की जरूरत है'

## शरद पवार ने ललकारा, मंच पर साथ आए उद्धव और कांग्रेस के हर्षवर्धन सपकाल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र विशेष जन सुरक्षा विधेयक के खिलाफ शरद पवार , उद्धव ठाकरे और हर्षवर्धन सपकाल एक मंच आए और महायुति सरकार की जमकर आलोचना की। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र विशेष जन सुरक्षा कानून लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचल देगा। गुरुवार को यशवंतराव चव्हाण सेंटर में जन सुरक्षा कानून विरोधी संघर्ष समिति ने परिषद का आयोजन किया। इस अवसर पर शरद पवार ने कहा कि यह जल्दबाजी में लाया गया कानून है। इससे लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के मूल्यों पर संकट आया है, संस्थाओं पर हमले हो रहे हैं। न्याय-व्यवस्था में भी घुसपैठ हो गई है। जन सुरक्षा कानून ने विचार और मौलिक अधिकारों पर हमला किया है। अब इस सरकार को सबक सिखाने की जरूरत है और उसके लिए हम पूरी ताकत के साथ आपके साथ हैं। पवार ने माना कि जब पिछले महीने भाजपा नीत सरकार ने विधेयक को पहली बार विधानसभा में पेश किया था, तब इसका प्रभावी ढंग से विरोध नहीं किया गया

**मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना: NGP/L/2025/T/16R31 दिनांक- 12.08.2025**

वरिष्ठ मं. विदूत इंजीनियर (सा) मध्य रेल्वे नागपुर, कार्यालय डीआरएम बिल्डिंग नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित किए जाते हैं। **क्र. 1 ई-निविदा सूचना और कार्य का नाम :** नागपुर डिवीजन में नागपुर, अजनी और आमला स्टेशनों की रेलवे कॉलोनी पर बिजली आपूर्ति व्यवस्था और एलटी ओवरहेड लाइनों के पुनर्वास के लिए विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत रूपये में :** 2,27,89,895.52/- (रुपये दो करोड़ सत्ताईस लाख नवास्सी हजार आठ सौ पंचानवे और बावन पैसे मात्र।) **बयाना राशि रूपये में:** 2,64,000/-, **टेंडर डॉकयुमेंट की कीमत रूपये में :** Nil, **कार्य पूर्ण करने कीअवधि :**12 माह, यह ऑफर 60 दिनों तक खुला रहेगा। **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय:** 11.09.2025 up to 11.00 Hrs, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** 11.09.2025 up to 11.15 Hrs, **वेब साइट: www.ireps.gov.in** टेंडर से संबन्धित नोटिस वरिष्ठ मंडल विदूत इंजीनियर मध्य रेल्वे नागपुर, कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग नागपुर मे उपलब्ध है । इसके पश्चात किसी भी शुद्धिपत्र को केवल वेब साइट पर देखा जा सकता है।

ANJ/22/164 Sr. DEE (G) NGP

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे**

**स्नैक आइटम्स की आपूर्ति**

मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (कैटरिंग), पश्चिम रेलवे, चर्चगेट, मुंबई द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : ई-367208डी** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम :** चर्चगेट के विभागीय कैटरिंग यूनिट हेतु फास्ट फूड स्नैक्स आइटम्स की आपूर्ति. **समापन अवधि : एक (1) वर्ष. कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 28,23,307.50. **ई-बोलियां ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 01.09.2025 को 11.00 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें अथवा **निविदा प्रक्रिया हेतु 022-67622510/22592** पर संपर्क करें. 0490

Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**फोपिड्स की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण और क्रियान्वयन**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (उत्तर), 2री मंजिल, मंडल रेलवे प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **ई-निविदा क्र. : एसजी-216-2-134-डब्ल्यूए, दिनांक 12.08.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान :** मुंबई मंडल (पश्चिम रेलवे) में सुरक्षा एवं निगरानी हेतु सीसीटीवी, अलार्म सुविधाएं, लॉगिंग के साथ आरपीएफ/एस एवं टी कंट्रोल हेतु रिमोट मॉनिटरिंग फीड के साथ रिमोट अनमैन्ड एस एवं टी अधिष्ठापनों हेतु फाइबर ऑप्टिक्स पेरीमीटर इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम (एफओपीआईडीएस) की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण और क्रियान्वयन. **कार्य की लागत :** ₹ 5,50,07,544.70. **ईएमडी :** ₹ 4,25,000/–. **ई-निविदा दस्तावेज जमा करना बंद होने की तिथि एवं समय :** 04.09.2025 को 15.00 बजे तक. **ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** 04.09.2025 को 15.30 बजे. निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है. 0492

Like us on: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

सोलापुर मण्डल

**ई–निविदा सूचना**

**सं. एसयूआर/व.मंसाप्र/टी.सं. 9625GLD01 दिनांक: 13.08.2025** मंडल भंडार कार्यालय मध्य रेल, सोलापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से रेलवे की ई–खरीद वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर सक्षम, प्रतिष्ठित फर्मों/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन ई–निविदाएं आमंत्रित करता है। **निविदा क्रमांक: 9625GLD01 क्र.सं.: 1. पी.एस. कोड (समूह):** 96NST671 **वस्तु का प्रकार जीएसटी (हाँ/नहीं):** माल (हाँ) **भंडार/नॉनस्टॉक:** गैर–स्टॉक आदेश: –– **मूल्यांकन हेतु विचार करें।:** हाँ **का अनुमोदन एजेंसी:** आरडीएसओ **निरीक्षण एजेंसी:** टीपीआई एजेंसी **मुद्रा की अनुमति:** भा.रु. **अनुमानित दर:** – **विवरण:** आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी–671 परिवर्तन 13 या नवीनतम परिवर्तन यदि कोई हो और ग्लूड इंसुलेटेड रेल जॉइंट्स (संशोधित 2024) के मैनुअल के अनुसार विनिर्देशन या नवीनतम यदि कोई हो, के अनुसार सभी फिटिंग्स के साथ 52 क्रिग्रा रेल के लिए 6.5 मीटर लंबे जी3 (एस) प्रकार के ग्लूड इंसुलेटेड रेल जॉइंट्स का निर्माण और आपूर्ति। (निविदा खुलने की तारीख से 1 महीने पहले तक आरडीएसओ द्वारा जारी किए गए ड्राइंग और विनिर्देशन में परिवर्तन इस निविदा में लागू होंगे।) नोट – रेलवे बोर्ड के दिनांक 31 जुलाई 2023 के पत्र संख्या 2022/ ट्रैक (पी) फैब्रिकेटर्स के अनुसार रेल खरीदने की जिम्मेदारी पूरी तरह से निर्माता (रेल लागत/प्रति संख्या सहित बिड) की होगी। **वारंटी अवधि:** डिलीवरी की तिथि के 30 महीने बाद तक] **[मात्रा सहिष्णुता:** (+/–): 0 : आयु, **आइटम श्रेणी:** सामान्य, कुल पीओ मूल्य भिन्नता की अनुमतिः अधिकतम 8 लाख]] **प्रेषिती (कंसाइनी):** एसएसई/पीवे डिपो / सोलापुर **महाराष्ट्र:** 250.00 नग **यूवीएएम आइटम संदर्भ:** (आइटम आईडी:–3100450 ग्लूड इंसुलेटेड रेल जॉइंट) **निरीक्षण विवरण:** चरण निरीक्षण की आवश्यकता नहीं है. **क्र.सं.: 2. पी.एस.कोड (समूह):** 96NS2572 **वस्तु का प्रकार जीएसटी (हाँ/नहीं):** माल (हाँ) **भंडार/नॉनस्टॉक:** गैर–स्टॉक आदेश: –– **मूल्यांकन हेतु विचार करें।:** हाँ **का अनुमोदन एजेंसी:** आरडीएसओ **निरीक्षण एजेंसी:** टीपीआई एजेंसी **मुद्रा की अनुमति:** भा.रु. **अनुमानित दर:** – **विवरण:** पीएससी स्लीपर पर 60 किग्रा रेल के लिए ग्लूड जॉइंट का निर्माण और आपूर्ति, जो आरडीएसओ ड्राइंग संख्या 1–2572 (परिवर्तन 5). के अनुरूप हो, जिसमे नवीनतम परिवर्तन हो और ग्लूड इंसुलेटेड रेल जॉइंट मैनुअल 2024 के अनुरुप हो, जिसमें निविदा बंद होने की तिथि तक नवीनतम परिवर्तन/संशोधन शामिल हो। (शब्द नवीनतम जहाँ भी प्रयुक्त होगा, उसका अर्थ निविदा बंद होने की वास्तविक तिथि तक के परिवर्तन/संशोधन होंगे।) नोट– ग्लूड जॉइंट के लिए 60ई 1/आर–260 रोड के रेल की व्यवस्था और आपूर्ति फर्म द्वारा की जानी है। इस निविदा में संलग्न विशेष शर्तों में विवरण दिया गया है।) **[वारंटी अवधि:** डिलीवरी की तिथि के 30 महीने बाद तक] **[मात्रा सहिष्णुता:** (+/–): 0 : आयु. **आइटम श्रेणी:** सामान्य, कुल पीओ मूल्य भिन्नता की अनुमतिः अधिकरम 8 लाख ]] **प्रेषिती (कंसाइनी):** एसएसई/पीवे डिपो/सोलापुर **महाराष्ट्र:** 1300.00 नग **यूवीएएम आइटम संदर्भ:** (आइटम आईडी:–3100450 ग्लूड इंसुलेटेड रेल जॉइंट) **निरीक्षण विवरण:** चरण निरीक्षण की आवश्यकता नहीं है. **बयाना राशि:** भा.रु. (INR) रुपये 1439130.00 **www.ireps.gov.in पर निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 22–09–2025 11:30 बजे के बाद संभावित निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदा बंद होने की तिथि से पहले वेबसाइट को बार–बार देखें ताकि इस निविदा के लिए जारी किए गए किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र को नोट किया जा सके। वेबसाइट: **www.ireps.gov.in.** ANJ-60

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**जोबनपुत्रा कम्पाउंड, नानाचौक, मुंबई – 400 007**

**एसीडी/ए.ई.(एस.डब्ल्यू.एम.)/डी/485/दि. 14.08.2025**

**ईओआई**

सहायक आयुक्त डी वार्ड, जोबनपुत्रा कम्पाउंड, नानाचौक, मुंबई – 400 007 द्वारा डी वार्ड में एसएमपीए योजना अंतर्गत एस्टेट संपत्तियों की सफाई कार्य हेतु एनजीओ श्रमिकों की आपूर्ति हेतु मुहरबंद उद्धरण आमंत्रित किए जाते हैं. कोरे उद्धरण प्रपत्र सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम) डी वार्ड कार्यालय में 18.08.2025 से 25.08.2025 तक सुबह 11.00 बजे से दोप. 1.00 बजे के बीच सभी कार्यदिवसों में उपलब्ध होंगे. डी वार्ड में समान प्रकार के कार्य के अनुभवी उद्धरणकर्ताओं को वरीयता दी जाएगी.

मोम से मुहरबंद उद्धरण सहायक आयुक्त डी वार्ड के कार्यालय में निर्धारित तिथि अर्थात 25.08.2025 को दोप. 1.00 बजे तक पहुंच जाने चाहिए और इन्हें उसी दिन सायं. 4.00 बजे खोला जाएगा.

उद्धरण दस्तावेज डाक से भेजे नहीं जाएंगे.

हस्ता./-
सहायक अभियंता
(एसडब्ल्यूएम) डी वार्ड

पीआरओ/1300/विज्ञा./2025-26

जलजन्य बीमारियों से बचाव के लिये पानी उबालकर और छानकर पियें।

**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्री की आपूर्ति**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. एस/53/2025 दिनांक : 11.08.2025**

| अ. क्र. | आइटम्स का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 441 | नॉन-एस्बेस्टॉस एल टाइप कम्पोजिशन ब्रेक ब्लॉक्स | 207043 नग | 8-सितंबर-25 |
| 442 | तीन वर्षों हेतु कैटरपिलर मेक के स्पेयर्स हेतु दर अनुबंध | 1 सेट | 8-सितंबर-25 |
| 443 | आरडीएसओ ड्रॉ. क्र. टी-8746 के अनुसार चौड़े प्री-स्ट्रेस्ड कांक्रीट स्लीपर | 1876393 नग | 8 – सितंबर – 25 |
| 444 | यूटीएस थर्मल टिकट प्रिंटर्स | 435 नग | 8 – सितंबर – 25 |
| 445 | आवधिक ओवरहॉलिंग किट | 85 सेट | 9 – सितंबर – 25 |
| 446 | माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर | 276 नग | 9-सितंबर – 25 |
| 447 | ट्रैक्शन मोटर टाइप टीएमई 49-35-4 एवं गियर ड्राइव टाइप 1-65-372बी | 2 नग | 12-सितंबर-25 |
| 448 | एसी कोच हेतु एक्सल बॉक्स हेलिकल स्प्रिंग | 743 नग | 17-सितंबर -25 |
| 449 | ड्यूल मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) की आपूर्ति, डिजाइन, अधिष्ठापन, परीक्षण और क्रियान्वयन | 50 सेट | 18-सितंबर-25 |
| 450 | एयर ब्रेक होज कपलिंग सपोर्ट | 75668 नग | 9-अक्तूबर -25 |
| 451 | एयर ब्रेक वैगन्स हेतु वेंट के साथ कट ऑफ एंगल कॉक | 18540 नग | 9-अक्तूबर-25 |

**शुद्धिपत्र**

कृपया **निविदा सूचना क्र. एस-44-2025 दिनांक : 11.07.2025 में अ.क्र. 377** हेतु निर्धारित तिथि को **25.08.2025** पढ़ें.

विस्तृत सूचना ईएमडी, क्रय प्रतिबंधों और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिये कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** और **wr.indianrailways.gov.in** का अवलोकन करें. 0488

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

## शारदा संकल्प प्रतिष्ठान की दहीहंडी कैसल मिल नाका पर



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , हर साल की तरह इस साल भी 16 अगस्त को कैसल मिल नाका के मीनाताई ठाकरे चौक पर शारदा संकल्प प्रतिष्ठान की गोकुल दही हांडी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसकी घोषणा आयोजक और पूर्व नगरसेवक कृष्णा पाटिल ने की है। भारतीय जनता पार्टी ठाणे शहर (जिला) अध्यक्ष संदीप लेले, पूर्व नगर सेविका नंदा कृष्ण पाटिल, भारतीय जनता पार्टी ठाणे शहर (जिला) के महासचिव और शारदा संकल्प प्रतिष्ठान के कार्यकारी अध्यक्ष सचिन पाटिल इस दौरान उपस्थित थे। पिछले साल, ठाणे के खोपट का राजा गोविंदा पथक ने यहाँ दहीहंडी में 9 लेयर बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। हमारी दहीहंडी पूरे महाराष्ट्र में 'गोकुल दहीहंडी' के नाम से प्रसिद्ध हो गई है। इस उत्सव में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और वरिष्ठ भाजपा नेता, मंत्री, विधायक, सांसद और कलाकार शामिल होंगे। पिछले साल, इस उत्सव में 200 गोविंदा पथक उपस्थिति दर्ज कराई थी। इस साल, यह संख्या बढ़कर 250 गोविंदा पथक तक पहुँचने की संभावना है। गोविंदा पथक के लिए एक भोजनालय स्थापित की जाएगी। पिछले साल, 12,000 गोविंदाओं ने इस भोजनालय का लाभ उठाया था। इसलिए, इस वर्ष, 15 से 20 हजार गोविंदाओं के आने की संभावना है, इसलिए हम ऐसी व्यवस्था करेंगे। कृष्णा पाटिल ने बताया कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी सावधानी बरत रहे हैं कि किसी को चोट न लगे। गोविंदा पथक जो पहले 10 लेयर्स लगाएगा उसे 11 लाख 11 हजार 111 रुपये और एक ट्रॉफी दी जाएगी, जो टीम पहले 9 लेयर्स के लिए 5 लाख 55 हजार 555 रुपये और एक ट्रॉफी दी जाएगी, अगले 9 लेयर्स के लिए 2 लाख 22 हजार 222 रुपये और एक ट्रॉफी दी जाएगी, 8 लेयर्स का 51,000 रुपये और एक ट्रॉफी दी जाएगी, 7 लेयर्स का15,000 रुपये और एक ट्रॉफी दी जाएगी, 7 लेयर्स का 1,51 हजार 111 रुपये और एक ट्रॉफी दी जाएगी।

## वोट चोरी के खिलाफ संविधान बचाओ , सपा ने किया प्रदर्शन




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , समाजवादी पार्टी की ओर से आज भिवंडी प्रांत कार्यालय के सामने संविधान बचाओ धरना प्रदर्शन किया गया। सपाइयों ने वोट चोरी के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए संविधान की रक्षा की मांग की। एक प्रतिनिधि मंडल ने इस आशय का उप विभागीय अधिकारी को ज्ञापन दिया है। इस धारणा प्रदर्शन में उपस्थित वक्ताओं ने अपने संबोधन में केंद्र व राज्य सरकार पर तीखे हमले किए और आरोप लगाया कि हाल ही में हुए चुनावों में संगठित रूप से वोट चोरी की गई, जिससे लोकतंत्र की साख को गहरा आघात पहुंचा है। वक्ताओं ने कहा कि यह केवल राजनीतिक दल का मुद्दा नहीं, बल्कि हर नागरिक के अधिकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था के अस्तित्व से जुड़ा सवाल है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव भिवंडी पश्चिम के पर्यवेक्षक रियाज आजमी ने अपने संबोधन में कहा, संविधान हमें बराबरी, आजादी और न्याय का अधिकार देता है, लेकिन जब चुनाव में वोट चोरी होता है तो यह अधिकार सीधे तौर पर छीना जाता है। ऐसे समय में सड़क पर उतरकर आवाज उठाना ही लोकतंत्र की सच्ची सेवा है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे लोगों को जागरूक करें और इस आंदोलन को घर-घर तक पहुंचाएं। धरने के दौरान कार्यकताओं ने हाथों में संविधान की प्रस्तावना और लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े नारे लिखी तख्तियां ले रखी थीं। वोट चोरी बंद करो और संविधान बचाओ झ लोकतंत्र बचाओ जैसे नारों से परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने उपविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें वोट चोरी की घटनाओं की न्यायिक जांच कराने, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाने और संविधान की मूल भावना की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। इस अवसर पर पार्टी के मुनव्वर शेख, रियाज शेख, फरुख आजमी , सुग्गी देवी, पूर्व नगर सेवक हसीब खान, अरविन्द यादव, आलमगीर शेख, आफाक फारुकी, हमीद शेख , डा. शमीम समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

फास्ट ट्रैक

## ललही छठ पूजा में उमड़ी महिलाओं की भीड़

### फल-फूल और मिठाइयों से सजे डाल, पूजा स्थल पहुंची व्रती महिलाएं

मिर्जापुर, कोन विकासखंड के श्रीपट्टी, तिलठी, मझगवां, मवैया, लखनपुर, जगदीशपुर और हरसिंहपुर सहित विभिन्न गांवों में ललही छठ पूजा का आयोजन किया गया। गुरुवार की सुबह व्रती महिलाएं गाजे-बाजे के साथ पूजा स्थल पर पहुंचीं। महिलाओं ने फल, फूल, मिठाई और पकवान से सजे डाल के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपने पुत्रों की दीघार्यु और सुख-समृद्धि की कामना की। ललही छठ को भगवान बलराम के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। बलराम को कृषि और हल का देवता माना जाता है। इस व्रत को संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए रखा जाता है। व्रत के दौरान महिलाएं हल से जुते खेत में उगी चीजों और गाय के दूध से बनी वस्तुओं का सेवन नहीं करतीं। हिंदू धर्म में इस व्रत का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस व्रत से संतान को दीघार्यु और अच्छे स्वास्थ्य का आशीर्वाद मिलता है। यह त्योहार कृषि और मातृत्व के महत्व को भी प्रदर्शित करता है।



## चील्ह में अखंड भारत संकल्प दिवस

### विहिप और बजरंग दल की बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद, राष्ट्र एकता का लिया संकल्प

मिर्जापुर, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने अखंड भारत संकल्प दिवस मनाया। इस अवसर पर आयोजित विशेष बैठक में संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में संतोष कुमार तिवारी, मोहन दुबे, रामकुमार दुबे, रजनीश सिंह, ननकू सिंह और विजय शंकर केसरी सुदर्शन समेत कई प्रमुख नेता मौजूद थे। वक्ताओं ने कहा कि अखंड भारत का विचार आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत और एकजुट राष्ट्र का आधार है। बैठक में सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने हिंदू समाज से आपसी मतभेद भुलाकर संगठन और समाज की मजबूती के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में देश की सांस्कृतिक एकता और प्राचीन परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि भारत की पहचान उसकी विविधता में एकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति और सेवा भाव को अपने जीवन में उतारने का प्रण लिया।




## 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज होगी भव्य बदलापुर वर्षा मैराथन स्पर्धा

### वर्षा मैराथन का आयोजन शिवसेना शहर प्रमुख वामन महात्रे द्वारा किया जा रहा है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बदलापुर. भारत के 79 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर कुलगांव-बदलापुर शहर शाखा और वामन महात्रे फाउंडेशन के संयुक्त प्रयासों से विद्यार्थियों और नागरिकों में बदलापुर शहर की स्वच्छता जागरूकता, निरोगी काया और उत्तम स्वास्थ्य, शारीरिक और मानसिक विकास की पूर्ति के लिए बदलापुर शहर में शुक्रवार 15 अगस्त प्रातः 9:30 बजे भव्य बदलापुर वर्षा मैराथन स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। शिवसेना शहर प्रमुख और वर्षा मैराथन के आयोजक वामन बारकू महात्रे ने पत्रकार परिषद के माध्यम से बताया कि बदलापुर शहर में यह वर्षा मैराथन विगत 32 वर्षों से शिवसेना शहर शाखा की तरफ से आयोजित की जा रही है। बदलापुर शहर में इस वर्षा मैराथन को प्रारंभ करने का श्रेय तत्कालीन शहर शाखा प्रमुख सुरेश गुरुव को जाता है। 2005 से वामन महात्रे के शिवसेना शहर शाखा प्रमुख बनने के बाद से कोरोना के 2 वर्ष छोड़ने के बाद निरंतर 23 वर्षों से इसका सुचारू रूप से आयोजन उनके द्वारा किया जा रहा है। 2024 की वर्षा मैराथन में लगभग साढ़े नौ हजार विद्यार्थियों ने इसमें सहभाग किया और इस वर्ष यह संख्या 13 हजार विद्यार्थियों तक पहुंच सकती है। यह वर्षा मैराथन 11 गुटों में आयोजित की जाएगी जिसमें 8 गुट विद्यार्थियों के लिए और 3 गुट पुरुष, महिला और ज्येष्ठ नागरिकों के लिए है। प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। वामन महात्रे ने बदलापुर के सभी नागरिकों से अपील की है कि इस वर्षा मैराथन को सफल बनाने और प्रतिभागियों की हौसला अफजाई के लिए मैराथन मार्ग में दोनों ओर खड़े होकर मैराथन प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाएं। भव्य बदलापुर वर्षा मैराथन स्पर्धा का उद्घाटन समारंभ प्रातः 9:30 बजे घोरपड़े चौक कात्रप बदलापुर पश्चिम से होगा और पारितोषिक वितरण समारोह दुपहर 1 बजे गांधी चौक कुलगांव बदलापुर पूर्व में आयोजित किया जाएगा।

## गांव के पास महिला ने देखा तेंदुआ

### अफरातफरी में चीखते हुए भागी; वन विभाग का सर्च ऑपरेशन जारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, बछरावां के गाजियापुर गांव में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक महिला ने समोधा-सुदौली संपर्क मार्ग किनारे तेंदुए को खड़ा देखा। जोरावरखेड़ा मजरे गूढ़ा निवासी फूलमती पत्नी बुधई सब्जी गांव अपने रिश्तेदार के यहां अंतिम संस्कार में जा रही थीं। हाईवे से करीब 200 मीटर दूर सड़क किनारे खड़े तेंदुए को देखते ही वह चीख पड़ीं और पीछे की ओर भाग गईं। महिला की चीख सुनकर सड़क से गुजर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक तेंदुआ गायब हो चुका था। इसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। वन कर्मियों की टीम पहुंची तो ग्रामीण भी लाठी-डंडे लेकर साथ हो लिए। जांच के दौरान मौके पर जंगली जानवर के पगचिह्न मिले, जिन्हें लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। किसान खेतों में अकेले जाने से बच रहे हैं और जरूरत पड़ने पर झुंड में ही खेतों की ओर जा रहे हैं।

## घर घर तिरंगा पहल के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का मनपा ने किया आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, ठाणे मनपा द्वारा घरोघर तिरंगा पहल के तहत ठाणे मनपा के नरेंद्र बल्लाल सभागार में देशभक्ति गीत, नृत्य जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को स्कूली छात्रों का उत्साहपूर्ण समर्थन मिला। इस कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रवींद्र मांजरेकर, उप सूचना जनसंपर्क अधिकारी प्राची डिंगणकर सहित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, खेल विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। सुबह 6.30 बजे ठाणे मनपा भवन से राम गणेश गडकरी रंगायतन तक साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली में बड़ी संख्या में साइकिल चालकों ने भाग लिया। रैली की शुरूआत हाथ में तिरंगा लेकर और वंदे मातरम के नारे के साथ हुई। इस अवसर पर ठाणे मनपा के स्कूलों के छात्रों ने देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। मीनताई ठाकरे नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की लिंटा मुंगेकर, संगीता धुरी, शीतल जाधव, कंचन नाइक, अश्विनी गावस आदि ने देशभक्ति समूह गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज की सिद्धि मालीवाल, साहिल देसाई ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति दी, जबकि मोहिनी जयसवाल, मीना चौधरी, अचल प्रजापति, पूर्णिमा अंभोरे, आशा राठौड़, स्कूल नंबर 29 की छात्राएं, सपना वेलिंगकर, डॉ. भाग्यश्री तांबे, डॉ. संगीता बोरसे, जिद्द स्कूल के कर्मचारियों ने तेरी मिट्टी में मिल जावा गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल नंबर 18 और स्कूल नंबर 42 के विद्यार्थियों ने नृत्य भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी ने तिरंगे झंडे का सम्मान करने की शपथ ली।

## कोंकण संभाग में आम चुनावों हेतु राज्य चुनाव आयोग की समीक्षा बैठक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ( युनिस खान ) जिला परिषद, नगर पंचायत और नगर निगम के आम चुनावों की पृष्ठभूमि में, राज्य चुनाव आयोग की ओर से आज कोंकण संभाग में राज्य चुनाव आयोग के आयुक्त दिनेश वाघमारे की अध्यक्षता में एक व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य चुनाव आयोग के सचिव सुरेश काकानी, कोंकण संभागीय आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी, राज्य चुनाव आयोग के विशेष कार्यकारी अधिकारी ए जी जाधव, ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव, नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे, पनवेल मनपा आयुक्त मंगेश चितले, कल्याण-डोंबिवली मनपा आयुक्त अभिनव गोयल, वसई-विरार मनपा आयुक्त एम.एम. सूर्यवंशी, मीरा-भायंदर मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा, उल्हासनगर मनपा आयुक्त श्रीमती मनीषा अव्हाले, भिवंडी-निजामपुर मनपा आयुक्त अनमोल सागर, ठाणे जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्णनाथ पांचाल, रायगढ़ जिलाधिकारी किशन जावले, पालघर जिलाधिकारी श्रीमती. इंदुरानी जाखड़, रत्नागिरी जिलाधिकारी एम. देवेंद्र सिंह, सिंधुदुर्ग जिलाधिकारी अनिल पाटिल के साथ-साथ चुनाव संबंधी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## दहेज हत्या का मामला

### पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार, 5 साल पहले हुई थी शादी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, मिर्जापुर के मड़िहान थाना क्षेत्र में दहेज हत्या के एक मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के पिता मजनू ने 13 अगस्त 2025 को थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले के अनुसार, दशरथ ने अपनी बेटी संगीता की शादी 2020 में मड़िहान थाना क्षेत्र के हसरा गांव निवासी बुधिराम के बेटे शिवशंकर से की थी। आरोप है कि शिवशंकर दहेज की मांग को लेकर संगीता को प्रताड़ित करता था। इसी दौरान उसने संगीता की हत्या कर दी। मड़िहान थाना प्रभारी बालमुकुन्द मिश्रा के अनुसार, उप-निरीक्षक श्याम बदन यादव की टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी शिवशंकर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले में धारा 80(2), 85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।

## गायत्री परिवार की पहल

### कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु, गुलाब की पंखुड़ियों से किया स्वागत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से कछवां में ज्योति कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का नगर भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों ने अखंड ज्योति रथ पर गुलाब की पंखुड़ियां चढ़ाकर स्वागत किया। यात्रा का मुख्य उद्देश्य अखंड ज्योति के प्रकाश को हर घर तक पहुंचाना है। अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमोद रस्तोगी और भुललन ने बताया कि यह यात्रा गुरुदेव के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकाली गई है। यात्रा का लक्ष्य गुरुदेव की तपस्या, साधना और उनके कार्यों की ज्योति को समाज में फैलाना है। इस यात्रा के माध्यम से लोगों को गुरुदेव के विचारों और शिक्षाओं से परिचित कराया जा रहा है।

साथ ही उन्हें अपने जीवन में इन सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## जुआ खेलते दो युवक गिरफ्तार

### जिवनाथपुर ओवरब्रिज पर पुलिस ने दबोचा, 1300 रुपए और दो बाइक जब्त



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, मुगलसराय पुलिस ने गुरुवार को जुआ खेलते दो लोगों को गिरफ्तार किया। जितेंद्र कुमार बिंद और विनोद बियार जिवनाथपुर ओवरब्रिज के पास सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा रहे थे। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि, मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की। मौके से 52 ताश के पत्ते बरामद हुए।

आरोपियों से 1100 रुपए और जामा तलाशी में 200 रुपए नकद मिले। पुलिस ने दोनों की मोटरसाइकिलें धारा 207 के तहत सीज कर लीं। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## कलेक्ट्रेट से निकली तिरंगा यात्रा

### डीएम समेत अधिकारियों ने थामा तिरंगा, देशभक्ति गीतों से गूंजा शहर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, मिर्जापुर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वे स्वयं भी राष्ट्रीय ध्वज लेकर यात्रा में शामिल हुए। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरूआत की। यात्रा में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। डीजे पर देशभक्ति गीत बजते रहे। प्रतिभागी इन गीतों की धुन पर कदमताल करते हुए चलते रहे। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाए। यह कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान जगाना और 15 अगस्त को हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना था। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था संभाली। मार्ग में खड़े लोगों ने यात्रा का स्वागत किया और प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।

## किसानों को नहीं मिला यूरिया

- मिर्जापुर में सहकारी समिति पर लगा ताला, किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मिर्जापुर, लालगंज तहसील में किसान यूरिया की कमी से जूझ रहे हैं। धान की रोपाई के बाद यूरिया की आवश्यकता है। गुरुवार को हलिया क्षेत्र की भटवारी दीघिया साधन सहकारी समिति पर यूरिया खाद आने की सूचना मिली। किसान दोपहर में खाद लेने पहुंचे। लेकिन समिति पर ताला लटका रहा। इससे नाराज होकर किसानों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में रमाकांत तिवारी, राहुल सिंह, रियाजउद्दीन, अजय गिरी, संजय सिंह समेत कई किसान शामिल थे। किसानों का आरोप है कि समिति के सचिव रमाकांत मौर्य खाद वितरण में टालमटोल कर रहे हैं। समिति में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है। किसान सूर्य लाल यादव ने बताया कि धान की रोपाई के बाद से एक बार भी यूरिया नहीं डाल पाए हैं। समिति सचिव रमाकांत मौर्य का कहना है कि गुरुवार सुबह 400 बोरी यूरिया आया था। वे चेक लगाने सहकारी बैंक गए थे, इसलिए वितरण नहीं हो सका। उन्होंने शनिवार को खाद वितरण का आश्वासन दिया है। किसानों ने जिलाधिकारी से जल्द से जल्द खाद वितरण कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि समिति कर्मचारियों की लापरवाही से उनकी खेती प्रभावित हो रही है।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को चेतावनी दी

## कहा- बातचीत के बाद जंग नहीं रोकी तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन जंग पर चेतावनी दी है। ट्रम्प ने कहा है कि अगर पुतिन शुक्रवार को होने वाली बातचीत के बाद भी जंग खत्म करने पर राजी नहीं होते हैं तो उन्हें गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। उनका यह बयान बुधवार को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान आया। ट्रम्प और पुतिन 15 अगस्त को अलास्का में मिलने वाले हैं। इसका मकसद यूक्रेन में साढे तीन साल से चल रही जंग को खत्म करना है। दोनों नेता पहली बार अमेरिका की जमीन पर मिलेंगे। ट्रम्प ने बुधवार को ही यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ वर्चुअल मीटिंग की। इस मीटिंग में ट्रम्प ने कहा कि जंग को खत्म करने के लिए दोनों पक्षों को जमीन की अदला-बदली करनी पड़ सकती है। इस पर यूरोपीय नेताओं ने ट्रम्प को समझाने की कोशिश




की कि 15 अगस्त को उनकी रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ होने वाली मुलाकात में ऐसा कोई समझौता न हो, जिससे यूक्रेन को नुकसान पहुंचे। जेलेंस्की ने बैठक के दौरान कहा कि पुतिन धोखा दे रहे हैं।

वो यह दिखावा कर रहे हैं कि पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों का उन पर कोई असर नहीं पड़ रहा हैं और ये कारगर नहीं हैं। इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में डोनबास क्षेत्र की जमीन रूस को सौंपने के सवाल पर जेलेंस्की ने साफ कहा कि वे अपनी जमीन नहीं छोड़ रहे हैं।

पहले युद्धविराम होना चाहिए और फिर सुरक्षा की गारंटी मिलनी चाहिए। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन की जमीन के बारे में कोई भी फैसला बिना यूक्रेन की सहमति के नहीं हो सकता।

मेरी पोजिशन नहीं बदलेगी। एक दिन पहले भी उन्होंने कहा था कि उनके पास अपनी देश की जमीन छोड़ने का कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने आगे कहा- पहले युद्धविराम होना चाहिए, फिर मजबूत सुरक्षा गारंटी दी जानी चाहिए। रूस को यूक्रेन के यूरोप या नाटो में शामिल होने की संभावनाओं पर वीटो लगाने का अधिकार नहीं होना चाहिए। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि पुतिन शांति नहीं चाहते, वे यूक्रेन पर कब्जा करना चाहते हैं।

पुतिन किसी को बेवकूफ नहीं बना सकते। दरअसल, यूरोप और यूक्रेन को डर है कि ट्रम्प और व्लादिमीर पुतिन के बीच कोई ऐसा समझौता हो सकता है, जिससे रूस को यूक्रेन का करीब पांचवां हिस्सा मिल सकता है। इस बैठक में फिनलैंड, फ्रांस, ब्रिटेन, इटली, पोलैंड, यूरोपीय यूनियन (ईयू) के नेता और नाटो महासचिव मार्क रूट भी मौजूद थे। यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक के बाद ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें ट्रम्प से पूछा गया कि क्या वे पुतिन को यूक्रेन में नागरिकों पर हमले रोकने के लिए मना सकते हैं, तो उन्होंने कहा-शायद नहीं, क्योंकि मैंने पहले भी यह बात की है। ट्रम्प ने आगे कहा कि मैं इस युद्ध को खत्म करना चाहता हूं।

यह बाइडेन का युद्ध है, लेकिन मैं इसे खत्म करने पर गर्व महसूस करूंगा, जैसे मैंने पिछले छह महीनों में पांच युद्ध खत्म किए। ट्रम्प ने यह भी चेतावनी दी कि अगर पुतिन जंग रोकने पर सहमत नहीं होते, तो रूस को खतरनाक अंजाम भुगतने होंगे।

# फ्रांस ने अपने ऐलान से पाकिस्तान में मचा दी भगदड़

एजेंसी

हमने राफेल गिराए, हमने राफेल गिराए, हमने राफेल गिराए...ये सुन-सुनकर पूरी दुनिया के कान पक गए। लेकिन पाकिस्तान ने आज तक ये नहीं बताया कि कहां गिराए और कैसे गिराए और कब गिराए। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम को करीब-करीब दो महीने बीत चुके हैं। लेकिन पाकिस्तान ने राफेल को लेकर दुनियाभर में अफवाह फैलाई। पाकिस्तान झूठ की हांडी पका रहा है और उसका सदाबहार दोस्त चीन इससे मुनाफा कमा रहा है। इसका खुलासा फ्रांस की खुफिया एजेंसियों ने किया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने सुनियोजित तरीके से राफेल को लेकर अफवाह फैलाई। इसके लिए चीनी



एबेंसी और पाकिस्तानी दूतावास का इस्तेमाल किया गया। अफवाह फैलाने के लिए सोशल मीडिया पर एक हजार फर्जी अकाउंट बनाए गए। पाकिस्तानी पत्रकार ने खुद खुलासा करते हुए कहा कि उनका मकसद है कि राफेल जहाज के खरीदारों को इसे खरीदने से दूर रखा जाए और ये बात साबित की जाए चीनी की फाइटर जेट फ्रेंच फाइटर जेट से टेक्नोलॉजिकली बेहतर है। इस कदम से फ्रेंच ऑफिसर्स काफी नाराज हैं। उनका कहना है कि भारत पाकिस्तान के बीच जंग हुई तो उस दौरान कोई 1000 नए सोशल मीडिया अकाउंट

> ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने सुनियोजित तरीके से राफेल को लेकर अफवाह फैलाई। इसके लिए चीनी एबेंसी और पाकिस्तानी दूतावास का इस्तेमाल किया गया। अफवाह फैलाने के लिए सोशल मीडिया पर एक हजार फर्जी अकाउंट बनाए गए। पाकिस्तानी पत्रकार ने खुद खुलासा करते हुए कहा कि उनका मकसद है कि राफेल जहाज के खरीदारों को इसे खरीदने से दूर रखा जाए और ये बात साबित की जाए चीनी की फाइटर जेट फ्रेंच फाइटर जेट से टेक्नोलॉजिकली बेहतर है।


बनाए गए और इन अकाउंट्स के जरिए राफेल जहाज के खिलाफ प्रोपोगेंडा किया गया। जिससे इन जहाजों की जहाजों की टेक्नोलॉजिकल सुप्योरिटी को छोटा साबित किया जाए। अब सवाल ये उठता है कि राफेल को बदनाम करके चीन और पाकिस्तान को भला क्या फायदा होने वाला था। इसकी वजह चीन का कबाड़ फाइटर जेट जे 10सी है। दरअसल, जे 10सी चीन का वो अव्वल दर्जे का घटिया फाइटर जेट है जिसे चीन पिछले पांच साल से तैयार करके बैठा है। मगर इसके लिए ग्राहक ढ़ंढने पर भी नहीं मिल रहे हैं। कर्जा वापसी की धमकी देकर उसने पाकिस्तान को जैसे तैसे 100 फाइटर जेट चेपने की कोशिश की थी। मगर पाकिस्तान भी 36 से ज्यादा जे10सी नहीं खरीद पाया। लिहाजा 100 में से 64 जे10सी अब भी चीन के गोदाम में जंग खा रहे हैं। लिहाजा इन विमानों को ठिकाने लगाने के लिए चीन ने पाकिस्तान के साथ मिलकर साजिश रची और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल विमान को मार गिराने की अफवाह फैला दी।

# चीन की तर्ज पर रॉकेट फोर्स तैयार करेगा पाकिस्तान

## पीएम शहबाज का दावा– इससे दुश्मन के हमले का तुरंत जवाब मिलेगा

एजेंसी

इस्लामाबाद, ऑपरेशन सिंदूर में भारत से बुरी तरह पिटने के बाद पाकिस्तान ने चीन की तर्ज पर रॉकेट फोर्स बनाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर (13 अगस्त की रात) आर्मी रॉकेट फोर्सेस को बनाने का ऐलान किया। शरीफ के मुताबिक नई फोर्स का मकसद आधुनिक युद्ध की जरूरतों के मुताबिक देश की रक्षा क्षमता को बढ़ाना है। इसमें मिसाइल और रॉकेट तकनीक को एक साथ जोड़ा जाएगा ताकि दुश्मन के खतरे का तुरंत जवाब दिया जा सके। शहबाज शरीफ ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत को कड़ा सबक सिखाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि इसे भारत की आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी।




साथ ही उन्होंने सीजफायर के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को शुक्रिया अदा किया। शरीफ ने दावा किया कि चार दिन चले सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत का घमंड तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि हमारी बहादुर सेना ने दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। शरीफ ने कहा कि गाजा की खून से भीगी गलियों और कश्मीर की घाटियों में आज भी आजादी की लड़ाई जारी है। शरीफ ने सभी दलों से राजनीतिक मतभेद, निजी स्वार्थ और खोखले नारों से ऊपर उठकर देश के लिए एकजुट होने की अपील की।

इस मौके पर राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, तीनों सेनाओं के प्रमुख, और कई राष्ट्रीय व विदेशी मेहमान मौजूद थे। शरीफ ने चीन, सऊदी अरब, तुर्किये, अजरबैजान, यूएई, और ईरान जैसे देशों को भारत के साथ संघर्ष के दौरान पाकिस्तान का समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया। शरीफ ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पाकिस्तान के नुकसान का जिक्र करते हुए कहा कि इस लड़ाई में 90,000 लोग मारे गए और 150 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार में महंगाई 34% से घटकर 5% और ब्याज दर 21% से 11% हो गई है। शरीफ ने कहा कि हर किसी को विरोध, आलोचना और राजनीति का अधिकार है। लेकिन दंगे, तोड़फोड़, गालियां और राज्य के खिलाफ बगावत किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शरीफ का यह बयान रावलपिंडी की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनके समर्थक के लिए था। हाल ही इमरान समर्थकों और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के कार्यकताओं ने इमरान की रिहाई के समर्थन प्रदर्शन किए थे।

# अमेरिका अन्य क्षेत्रों में पाकिस्तान के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने की नयी संभावनाएं तलाश रहा : रुबियो

एजेंसी

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका देश दुलर्भ खनिजों और हाइड्रोकार्बन सहित आर्थिक सहयोग के नए क्षेत्रों की संभावनाओं को तलाशने को उत्सुक है। रुबियो का यह बधाई संदेश ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान और अमेरिका के संबंधों में कई वर्षों तक तनाव रहने के बाद सुधार हुआ है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने एक बयान में कहा, हम दुर्लभ खनिजों और हाइड्रोकार्बन सहित आर्थिक सहयोग की नयी संभावनाओं की तलाश करने और गतिशील



व्यापारिक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए तत्पर हैं, जो अमेरिकियों और पाकिस्तानियों के लिए समृद्ध भविष्य को सुदृढ़ करेगा। उन्होंने कहा, अमेरिका आतंकवाद-रोधी उपायों और व्यापार के क्षेत्र में पाकिस्तान की भागीदारी की गहराई से सराहना करता है। रूबियो द्वारा पाकिस्तान की यह सराहना ऐसे समय की गई है जब पिछले हफ्ते ही पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने गत दो महीने में अमेरिका की दूसरी यात्रा की है। मुनीर ने अपने अमेरिका प्रवास के दौरान वहां के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के साथ उच्च स्तरीय बातचीत की थी। इससे पहले, पाकिस्तान और अमेरिका ने शुल्क पर मतभेदों को सुलझाया था। अमेरिका ने पाकिस्तानी वस्तुओं पर 19 प्रतिशत शुल्क लगाने का फैसला किया है। इस सप्ताह, दोनों पक्षों ने इस्लामाबाद में

> मुनीर ने अपने अमेरिका प्रवास के दौरान वहां के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के साथ उच्च स्तरीय बातचीत की थी। इससे पहले, पाकिस्तान और अमेरिका ने शुल्क पर मतभेदों को सुलझाया था।

आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए वार्ता की। वार्ता के दौरान दोनों पक्ष बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए), आईएसआईएस-खोरासन और तालिबान सहित प्रमुख आतंकवादी समूहों से निपटने के लिए द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमत हुए।

# वे चाहते हैं कि इस देश का लोकतंत्र धोखाधड़ी से चले...

## विपक्ष पर ललन सिंह का सीधा वार



एजेंसी

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस चाहती है कि गैर-भारतीय भी वोट दें। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के आम लोग बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान से खुश हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने एएनआई से बात करते हुए कहा कि विपक्ष चाहता है कि जो लोग देश के नागरिक नहीं हैं, वे भी वोट दें। वे चाहते हैं कि इस देश का लोकतंत्र धोखाधड़ी से चले। बिहार में किसी ने भी सर की आलोचना नहीं की। आम लोग इससे खुश हैं। इस बीच, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोपों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने संविधान नहीं पढ़ा है और न ही उसका सम्मान करते हैं। मीडिया से बात करते हुए, रिजिजू ने कहा, राहुल गांधी ने संविधान नहीं पढ़ा है और न ही उसका

> केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने एएनआई से बात करते हुए कहा कि विपक्ष चाहता है कि जो लोग देश के नागरिक नहीं हैं, वे भी वोट दें। वे चाहते हैं कि इस देश का लोकतंत्र धोखाधड़ी से चले। बिहार में किसी ने भी सर की आलोचना नहीं की। आम लोग इससे खुश हैं।

सम्मान करते हैं। मेरे पास राहुल गांधी को सुधारने के लिए कोई दवा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद उन्हें होश आ जाना चाहिए। रिजिजू बिहार में सुप्रीम कोर्ट की रकफ टिप्पणी का ज़िक्र कर रहे थे, जिसमें उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में संशोधन को सही ठहराया था और माना था कि आधार कार्ड नागरिकता का निर्णायक प्रमाण नहीं है। यह कहते हुए कि कांग्रेस में कई बुद्धिमान लोग हैं, किरेन रिजिजू ने उनसे राहुल गांधी को कुछ सद्बुद्धि देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस में भी कुछ चतुर लोग हैं; सभी राहुल गांधी जैसे नहीं हैं। उन्हें एकजुट होकर राहुल गांधी को कुछ सद्बुद्धि देनी चाहिए।

राहुल गांधी द्वारा साझा किए गए उस वीडियो के बारे में, जिसमें वे चुनाव आयोग द्वारा मृत घोषित किए गए लोगों से मिल रहे हैं

# 'किसी भी दुस्साहस के कष्टकारी परिणाम होंगे'

## पाकिस्तानी नेताओं की नफरती टिप्पणियों पर विदेश मंत्रालय

एजेंसी

भारत ने पाकिस्तान को नयी दिल्ली के खिलाफ नफरती बयानबाजी नहीं करने की चेतावनी देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि किसी भी दुस्साहस के कष्टकारी परिणाम होंगे। पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर द्वारा भारत को परमाणु धमकी दिये जाने और बिलावल भुट्टो जरदारी की कुछ टिप्पणियों के बाद, विदेश मंत्रालय की यह प्रतिक्रिया आई है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से भारत के खिलाफ लगातार की जा रही लापरवाह, युद्धोन्मादी और घृणास्पद टिप्पणियों से जुड़ी खबरें देखी है। उन्होंने कहा, अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बार-बार भारत विरोधी बयानबाजी करना पाकिस्तानी नेतृत्व



का जगजाहिर तौर-तरीका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, पाकिस्तान को आगाह किया जाता है कि वह अपनी बयानबाजी पर संयम रखे क्योंकि किसी भी दुस्साहस के कष्टकारी परिणाम होंगे, जैसा कि हाल ही में प्रदर्शित किया गया है। हाल ही में पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने भारत को परमाणु धमकी जारी करते हुए कहा कि अगर भविष्य में भारत के साथ संघर्ष में अस्तित्व के संकट का

> भारत ने पाकिस्तान को नयी दिल्ली के खिलाफ नफरती बयानबाजी नहीं करने की चेतावनी देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि किसी भी दुस्साहस के कष्टकारी परिणाम होंगे। पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर द्वारा भारत को परमाणु धमकी दिये जाने और बिलावल भुट्टो जरदारी की कुछ टिप्पणियों के बाद, विदेश मंत्रालय की यह प्रतिक्रिया आई है।

सामना करना पड़ा तो वह आधी दुनिया को तबाह कर देगा। भारत ने टिप्पणी को गैरजिम्मेदाराना बताया और कहा कि देश राष्ट्रीय सुरक्षा की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। प्रिंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मुनीर ने सिंधु नदी पर भारत के तटबंध को नष्ट करने की भी धमकी दी और कहा कि एक बार बांध बन जाने से पाकिस्तान उस पर मिसाइलें दागेगा।

# न्यायालय ने जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने संबंधी याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा

> उच्चतम न्यायालय ने 11 दिसंबर 2023 को अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण को सर्वसम्मति से बरकरार रखा था। यह अनुच्छेद पूर्ववर्ती राज्य जम्मू और कश्मीर को एक विशेष दर्जा देता था।



एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर बृहस्पतिवार को केंद्र से जवाब देने को कहा। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर भी गौर किया कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में कई विचार शामिल हैं। पीठ ने शिक्षाविद् जहूर अहमद भट और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता अहमद मलिक द्वारा दायर याचिका को आठ सप्ताह के बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। जब भट्ट की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया, तो सीजेआई ने कहा, पहलगाम में जो हुआ उसे आप नजरअंदाज नहीं कर सकते... निर्णय लेना संसद और कार्यपालिका का काम है। उच्चतम न्यायालय ने 11 दिसंबर 2023 को अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण को सर्वसम्मति से बरकरार रखा था। यह अनुच्छेद पूर्ववर्ती राज्य जम्मू और कश्मीर को एक विशेष दर्जा देता था।

# 'राहुल गांधी ने संविधान नहीं पढ़ा है और न ही उसका सम्मान करते हैं'

## विपक्ष के नेता पर किरेन रिजिजू का तंज

> मीडिया से बात करते हुए, रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी ने संविधान नहीं पढ़ा है और न ही उसका सम्मान करते हैं। मेरे पास राहुल गांधी को सुधारने के लिए कोई दवा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद उन्हें होश में आना चाहिए।

एजेंसी

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोपों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने संविधान नहीं पढ़ा है और न ही उसका सम्मान करते हैं। मीडिया से बात करते हुए, रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी ने संविधान नहीं पढ़ा है और न ही उसका सम्मान करते हैं।



मेरे पास राहुल गांधी को सुधारने के लिए कोई दवा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद उन्हें होश में आना चाहिए। रिजिजू बिहार में एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का हवाला दे रहे थे, जिसमें चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में संशोधन को सही ठहराया गया था और यह स्वीकार किया गया था कि आधार कार्ड नागरिकता का निर्णायक प्रमाण नहीं है। कांग्रेस में कई बुद्धिमान लोगों की मौजूदगी का ज़िक्र करते हुए, किरण रिजिजू ने उनसे राहुल गांधी को कुछ सद्बुद्धि देने का अनुरोध किया। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि कांग्रेस में भी कुछ चतुर लोग हैं; सभी राहुल गांधी जैसे नहीं हैं। उन्हें एकजुट होकर राहुल गांधी को कुछ सद्बुद्धि देनी चाहिए। राहुल गांधी द्वारा साझा किए गए उस वीडियो के बारे में, जिसमें वे चुनाव आयोग द्वारा मृत घोषित किए गए लोगों से मिले थे, किरण रिजिजू ने इसे नाटक बताते हुए दोहराया कि चुनाव आयोग का काम मृत लोगों के नाम हटाना और नए मतदाताओं के नाम जोड़ना है। रिजिजू ने कहा कि चुनाव आयोग के 3-4 दिशानिर्देश हैं। हर राज्य में चुनाव आयुक्त अधिकारी होते हैं जो राज्य सरकार के अधीन होते हैं। वे चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची तैयार करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि एसआईआर की प्रक्रिया आजादी के बाद से चली आ रही है और होनी भी चाहिए। यह सुनिश्चित करती है कि मृत लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जाएँ। तो फिर राहुल गांधी चाय पीने का नाटक क्यों कर रहे हैं? एसआईआर का उद्देश्य मृत लोगों के नाम हटाना और नए मतदाता जोड़ना है, राहुल गांधी ने बुधवार को बिहार के कुछ 'मृत' मतदाताओं के साथ चाय पीते हुए एक वीडियो साझा किया और इस अनूठे अनुभव के लिए चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया। मतदाताओं के एक समूह ने कांग्रेस सांसद से मुलाकात की और बताया कि कैसे चुनाव आयोग ने उन्हें मृत घोषित कर दिया और कैसे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए।

# संक्षेप

## इंटर कॉलेज में भारोत्तोलन प्रतियोगिता

**सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम**

सुलतानपुर, श्री विश्वनाथ इंटर कॉलेज, कलान, सुलतानपुर में 14 अगस्त 2025 को जनपदीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन का महत्व समझाया। प्रतियोगिता तीन श्रेणियों में आयोजित की गई। इनमें सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग शामिल थे। विजेता खिलाड़ियों को प्रधानाचार्य ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए। मौके पर मौजूद शिक्षकों और प्रशिक्षकों ने विजेताओं का उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी का धन्यवाद किया। प्रतियोगिता से युवाओं में शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा मिला। इससे खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिला।

## 8 साल के बच्चे के गला पर गिरा कटवासा, मौत

**जयसिंहपुर में पेड़ से चारा काटते समय हादसा, डॉक्टर ने मृत घोषित किया**

सुलतानपुर, जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सरतेजपुर गांव में एक दुखद घटना सामने आई। गांव निवासी रमेश कुमार का 8 वर्षीय बेटा शुभम उर्फ प्रियांशु बकरियों के लिए चारा लेने पेड़ पर चढ़ा था। चारा काटते समय अचानक कटवासा छिटककर उसके गले पर गिर गया। इस हादसे में उसके गले पर गंभीर चोट आई और वह पेड़ से नीचे गिर पड़ा। घर से बकरियों के लिए चारा लेने नन्हा बालक पेड़ पर चढ़कर कटवासे से चारा काटते समय अचानक कटवासा छूटकर उसके गर्दन पर आ गिरा। गले पर गहरे जख्म होने से बालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सरतेजपुर गांव में गुरुवार को दोपहर एक दुखद हादसा हुआ। जब गांव निवासी रमेश कुमार का 8वर्षीय बेटा शुभम उर्फ प्रियांशु बकरियों को चारा लेने पेड़ पर चढ़ा था। कटवासे से चारा काटते समय अचानक कटवासा छिटक कर उसके गले पर आ गिरा।

## कदम पुलिया पर वीआरबी निर्माण का निरीक्षण

**1.88 करोड़ की लागत से बन रहा पुल, 78% काम पूरा; 2026 तक होगा तैयार**

सुलतानपुर, जिलाधिकारी कुमार हर्ष और मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने शारदा सहायक खंड-16 का दौरा किया। उन्होंने समानांतर शाखा के किमी 109.050 पर क्षतिग्रस्त कदम पुलिया के स्थान पर बन रहे विलेज रोड ब्रिज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परियोजना का 78 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। नहर संचालन के कारण वर्तमान में कार्य रुका हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि शेष कार्य नहर बंदी के दौरान पूरा कर लिया जाएगा।

# ट्रंप के खिलाफ स्वदेशी जागरण मंच का प्रयागराज में प्रदर्शन

**अमेरिकी टैरिफ के विरोध में विदेशी कंपनियों के बहिष्कार का आान**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, अगस्त क्रांति की स्मृति में स्वदेशी जागरण मंच (पूर्वी उत्तर प्रदेश) के पदाधिकारियों, कार्यकताओं और अधिवक्ताओं ने स्वदेशी स्वीकार, विदेशी पूर्ण बहिष्कार संकल्प यात्रा निकाली और अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका। यह विरोध प्रदर्शन इलाहाबाद हाईकोर्ट के गेट नंबर 3 से शुरू होकर अंबेडकर चौराहे पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के उत्पादों पर 50% से अधिक टैरिफ लगाने के फैसले ने देशभर में नाराजगी पैदा कर दी है। इसी के खिलाफ मंच के कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए विदेशी कंपनियों के बहिष्कार का संकल्प लिया। अमेरिकन कंपनियां भारत छोड़ो, बालमार्ट भारत छोड़ो और डोनाल्ड ट्रंप मुदार्बाद जैसे गगनचुंबी नारों से माहौल गूंज उठा। स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की कि वे केवल भारत में निर्मित स्वदेशी उत्पादों का ही प्रयोग करें और विदेशी ब्रांड्स से दूरी बनाएं। उनका कहना था कि यह आंदोलन केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाएं, विदेशी भगाएं आान को दोहराते हुए कहा कि यह संदेश गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अपने व्यापारिक हितों और रोजगार के मामले में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। अमेरिका के बढ़े हुए टैरिफ का जवाब केवल और केवल पूर्ण स्वदेशी अपनाकर ही दिया जा सकता है। संकल्प यात्रा के अंत में सभी प्रतिभागियों ने एकजुट होकर विदेशी कंपनियों के बहिष्कार और स्वदेशी उत्पादों के अधिकतम उपयोग का संकल्प लिया।

आयोजकों ने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन का नहीं, बल्कि दीर्घकालिक आंदोलन होगा, जिसका लक्ष्य भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

# यूपी के प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में फीस वृद्धि पर रोक

**एमबीबीएस की फीस 14.14 लाख करने का मामला, हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस कोर्स की फीस वृद्धि पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने यह आदेश आन्या परवाल समेत 239 छात्रों की याचिका पर दिया है। प्रदेश सरकार ने 5 जुलाई को जारी अधिसूचना में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से एमबीबीएस की ट्यूशन फीस 11.78 लाख से बढ़ाकर 14.14 लाख रुपए कर दी थी। हापुड़ के जी एस मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने इस फीस वृद्धि को चुनौती दी है। याचिकाकताओं के वकील निपुण सिंह ने कहा कि यह फीस वृद्धि मनमानी है। इस सत्र में यह दूसरी बार फीस बढ़ाई गई है। छात्र पहले ही अन्य विविध शुल्क जमा कर चुके हैं। कॉलेज के ब्रोशर में दी गई फीस संरचना के आधार पर ही छात्रों को प्रवेश मिला था। प्रदेश सरकार और निजी संस्थानों का कहना है कि फीस वृद्धि यूपी प्राइवेट प्रोफेशनल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस एक्ट, 2006 के अनुसार की गई है। राज्यपाल ने शुल्क नियामक समिति की सिफारिशों को मंजूरी दी है। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद प्रतिवादियों को दो सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकताओं को एक सप्ताह बाद जवाब दाखिल करने की अनुमति दी है। मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी।

# गायब हुए 75 मोबाइल बरामद

**एमपी-बंगाल समेत कई राज्यों से मिले 11.25 लाख के फोन, मालिकों को सौंपे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, पुलिस की सर्विलांस सेल और एसओजी टीम ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। टीम ने गायब हुए 75 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन फोन की कुल कीमत 11 लाख 25 हजार रुपए है। कई प्रदेशों से बरामद किए गए मोबाइल एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने एसपी कार्यालय के सभागार में सभी मोबाइल फोन उनके मालिकों को वापस सौंप दिए। ये मोबाइल मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों से बरामद किए गए हैं। आईएमईआई नंबर की मदद से लगाते हैं पता पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि जब कोई व्यक्ति मोबाइल चोरी की शिकायत करता है, तो संबंधित थाना मोबाइल के दस्तावेज सर्विलांस सेल को सौंप देता है। सर्विलांस सेल आईएमईआई नंबर की मदद से मोबाइल का पता लगाती है। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके पुलिस चोरी हुए मोबाइल तक पहुंच जाती है। पुलिस टीम लगातार कर रही कार्रवाई अपने खोए हुए मोबाइल को वापस पाकर मालिकों ने अमेठी पुलिस का आभार जताया। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि पुलिस टीम लगातार इस तरह के मामलों में कार्रवाई कर रही है।

# कूरेभार के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में निर्माण कार्य धीमा

**डीएम ने छात्रावास का किया निरीक्षण, कार्यदायी संस्था को दिए निर्देश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, विकास खंड कूरेभार में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नए छात्रावास का निर्माण चल रहा है।

जिलाधिकारी कुमार हर्ष और मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने निमार्णाधीन छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। यूपीपीसीएल द्वारा 1 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत से 100 बेड का यह छात्रावास बनाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। सामग्री की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। हालांकि, निर्माण कार्य की धीमी गति को देखते हुए जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। साथ ही निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने को कहा। निरीक्षण के समय जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कार्यदायी संस्था के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे।

# दो बच्चों की डूबकर मौत

**बकरी चराने गए 12 और 13 साल के दोस्त सगरा में नहाने उतरे, दोनों की गई जान**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, बंधुआकला थाना क्षेत्र में दो बच्चों की सगरा में डूबने से मौत हो गई। मृतक रामकुमार (12) और विनय (13) अलीगंज के रहने वाले थे। दोनों बच्चे दोपहर में बकरी चराने निकले थे। झारखंड मंदिर के पीछे बना सगरा बारिश के कारण पानी से भरा हुआ था। गर्मी से राहत पाने के लिए दोनों बच्चे सगरा में नहाने लगे। बारिश के कारण सगरा की गहराई बढ़ गई थी। नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए। तैरना नहीं आने के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। बंधुआंकला थाने की पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। परिवार के लोग बेसुध हैं। ग्रामीण भी इस घटना से दुखी हैं। यह घटना बारिश के मौसम में जलभराव वाले स्थानों के पास बच्चों की सुरक्षा के लिए एक चेतावनी है। थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# श्रमिक समस्याओं पर त्रिपक्षीय बैठक

**अमेठी में टीयूसीसी, बीएनकेएमयू और एसएलएमजी के बीच ईएसआई-पीएफ पर चर्चा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, त्रिशुंडी स्थित एसएलएमजी प्राइवेट लिमिटेड में श्रमिकों की समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर, भारतीय नेशनल कामगार मजदूर यूनियन और कंपनी प्रबंधन शामिल हुए। बैठक में श्रमिकों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।

इनमें कर्मचारी राज्य बीमा, कर्मचारी भविष्य निधि और ओवरटाइम से जुड़े विषय प्रमुख रहे। टीयूसीसी से राष्ट्रीय महासचिव एस.पी. तिवारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज अकेला और राष्ट्रीय सचिव प्रमोद पटेल मौजूद रहे। एसएलएमजी की ओर से पवन अग्रहारी और उनकी टीम ने हिस्सा लिया। श्रम विभाग के लेबर इंस्पेक्टर भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में भोला प्रसाद वर्मा, प्रिंस वर्मा, सीबू अहमद, पवन यादव और जगन्नाथ वर्मा जैसे प्रमुख लोग भी उपस्थित थे। अग्रेसर प्रधान अशोक कुमार भी बैठक का हिस्सा बने। सभी पक्षों ने श्रमिकों के कल्याण और बेहतर कार्य वातावरण के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। टीयूसीसी और बीएनकेएमयू ने इस बैठक को श्रमिक हितों की रक्षा की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया। दोनों संगठनों ने भविष्य में भी ऐसी चचाएं जारी रखने की बात कही।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रदर्शनी

**जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में छात्रों ने लगाए चित्र, सीडीओ ने किया उद्घाटन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने विशेष प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में विभाजन से जुड़े चित्र, पोस्टर, अभिलेख और पुस्तकें शामिल की गईं। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। सीडीओ ने अपने संबोधन में कहा कि 14 अगस्त 1947 को हुआ देश का विभाजन सबसे दुखद दिन था। उन्होंने कहा कि विभाजन न होता तो भारत हर क्षेत्र में और अधिक सशक्त होता। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य वर्तमान पीढ़ी को विभाजन की त्रासदी से अवगत कराना है। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी मनरेगा शेर बहादुर और डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला मौजूद रहे। इसके अलावा ब्लॉक प्रमुख भादर प्रवीण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी और डीपीआरओ मनोज त्यागी सहित अन्य अधिकारी, छात्र-छात्राएं और आम जनता भी उपस्थित रहे। देश के विभाजन के दौरान नफरत और हिंसा की वजह से लाखों लोगों ने संघर्ष किया और बलिदान दिया। इस घटना ने सदियों से कायम सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक एकजुटता को क्षतिग्रस्त कर दिया।

इसी कारण पूरे देश में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

# किसानों ने जिलाधिकारी को सौंपा 16 सूत्रीय ज्ञापन

**बिजली, पानी, खाद और आवारा पशुओं की समस्या का जल्द समाधान नहीं तो होगा आंदोलन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने जिलाधिकारी मथुरा को 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर जिले में किसानों और आम जनता से जुड़ी गंभीर समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष सोनवीर चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसान नेताओं ने कहा कि जिले में लंबे समय से किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। स्थानीय स्तर पर अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। पूर्व में कई बार अल्टीमेटम दिए जाने के बावजूद कार्रवाई न होने पर अब किसान आंदोलन को मजबूर हैं। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में बाँके बिहारी कॉरीडोर का कार्य शीघ्र शुरू कराना, खतौनी में अंश निर्धारण में हो रही मनमानी, दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पारदर्शी बनाना, नहर-बम्बा में पानी की आपूर्ति, डीएपी-यूरिया की किल्लत दूर करना, खाद भंडारों में ब्लैक मार्केटिंग की उच्च स्तरीय जांच और गोदामों तक सीधा रास्ता सुचारू कराना शामिल हैं।

# व्यापारियों की तिरंगा यात्रा

**डीजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर सैकड़ों लोगों ने किया कस्बे का भ्रमण**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अमेठी में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने तिरंगा यात्रा निकाली। जिला अध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में यात्रा जिला कार्यालय से शुरू हुई। यात्रा गौरीगंज रोड स्थित जिला कार्यालय से निकलकर सगरा तिराहा, गांधी चौक, अंबेडकर तिराहा और राजर्षि तिराहा होते हुए वापस जिला कार्यालय पर पहुंची। इस दौरान डीजे और ढोल-नगाड़ों की धुन गूंजती रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आयोजित इस यात्रा में कस्बे के सैकड़ों व्यापारी, महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला और युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा ने भी यात्रा का नेतृत्व किया। रामगंज, टीकर माफी और गौरीगंज समेत कई बाजारों के व्यापारी इस यात्रा में शामिल हुए।

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**7 साल पहले हुई थी शादी, आगरा में चल रहा था इलाज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, जिले के थाना दादों इलाके के गांव खुशीपुर कासिमपुर में मायके में रह रही एक महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी उस समय हुई, जब महिला को मां जगाने पहुंची। शोर शराबा सुनकर परिजन और ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और पंचायत नामा की कार्यवाही कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। 7 साल पहले हुई थी शादी जानकारी के मुताबिक गांव खुशीपुर कासिमपुर के रहने वाले उम्मीद सिंह ने 27 वर्षीय बेटी बबीता की शादी करीब 7 साल पहले संभल जिले के दिवारी खुर्द के रहने वाले बबलू से की थी। बबलू नोएडा में नौकरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। भाई विजय ने बताया कि बहन बबीता 7 महीने से मायके में रह रही थी। उसके दिमाग का आगरा से इलाज कराया जा रहा था। बुधवार की रात्रि खाना खाकर मकान के ऊपरी हिस्से में बने कमरे में सोने चली गई। जबकि परिवार के अन्य सदस्य नीचे सो गए। फंदे से लटका मिला शव मां सुनीता बहन को जगाने गई। काफी आवाज दी, लेकिन बबीता ने कोई जवाब नही दिया। इसके बाद उन्होंने खिड़की से कमरे के अंदर देखा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी, एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० - A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई, ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी